उत्तर प्रदेश शासन

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT



# सारंगी

## कक्षा दो के लिए हिन्दी की कार्यपुस्तिका

## 2

नि:शुल्क वितरण हेतु
(2024–2025)

# निपुण सूची - हिंदी (कक्षा-2)

| खंड | कोड | दक्षताएँ |
|---|---|---|
| मौखिक भाषा | H201 | कविताओं/गीतों को हाव-भाव के साथ सुनाना। |
| | H202.1 | प्रश्न पूछने के लिए बातचीत में संलग्न होना एवं दूसरों की बातों को सुनकर समझना। |
| | H202.2 | कहानियों/कविताओं/चित्र/घटना/वस्तु एवं उपलब्ध प्रिंट सामग्री के बारे में अपने घर की भाषा में 2-3 वाक्यों में बताना। |
| | H203 | कविता/कहानी से जुड़े 3-5 तथ्यात्मक एवं 2-3 उच्चस्तरीय चिंतन कौशल के प्रश्नों के उत्तर अपने घर की भाषा में देना। |
| | H204.1 | 8-10 वाक्यों की कहानी को सुनकर अपने घर की भाषा में पुनः सुनाना। |
| | H204.2 | चित्रों के माध्यम से किसी कहानी को अपने घर की भाषा में हाव-भाव के साथ 4-6 वाक्यों में सुनाना। |
| पठन | H205 | 3-5 वर्णों/अक्षरों से बने शब्द पढ़ना और किसी शब्द के अक्षरों से नए शब्द बनाना। |
| | H206 | आयु उपयुक्त अज्ञात पाठ को कम से कम 45 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ना। |
| | H207 | बच्चों के साहित्य/पाठ्यपुस्तकों से सरल कहानियों को पढ़ना, वर्णन करना और फिर अपने घर की भाषा में उसे सुनाना। |
| | H208 | सरल अज्ञात पाठ (45-60 शब्द वाले) पढ़ना और उससे संबंधित 5 प्रश्नों (3 तथ्यात्मक एवं 2 उच्चस्तरीय चिंतन कौशल) में से कम से कम 4 के उत्तर अपने घर की भाषा में देना। |
| | H209 | सरल अज्ञात पाठ में आए संज्ञा शब्द, क्रिया शब्द और विराम चिन्हों को पहचानकर उन्हें बताना। |
| लेखन | H210.1 | किसी कहानी/बातचीत से संबंधित तथ्यात्मक प्रश्नों के उत्तर 1-2 सरल वाक्यों में लिखना। |
| | H210.2 | परिवेश से जुड़े शब्दों वाले 1-2 सरल वाक्यों को सुनकर लिखना। |
| | H211 | किसी कहानी, चित्र, घटना आदि पर अपने अनुभव या विचार 1-2 सरल वाक्यों में व्याकरण की दृष्टि से सही लिखना। |

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद्




# कार्यपुस्तिका सारंगी (कक्षा-2)

नाम ____________________

कक्षा ____________________

अनुक्रमांक ____________________

विद्यालय ____________________

निःशुल्क वितरण हेतु

**संरक्षण** : डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम, आई.ए.एस, प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा), उत्तर प्रदेश शासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

**संकल्पना** : श्रीमती कंचन वर्मा, आई.ए.एस, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश
श्री मधुसूदन हुल्गी, आई.ए.एस, अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

**निर्देशन** : डॉ. सरिता तिवारी, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, उ.प्र., लखनऊ
डॉ. पवन कुमार, संयुक्त निदेशक (एस.एस.ए.), कृते निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उ.प्र., लखनऊ

**समन्वयन** : श्री आनन्द कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं प्रभारी, गुणवत्ता शिक्षा, समग्र शिक्षा
श्री पी.एम. अन्सारी, राज्य सलाहकार, गुणवत्ता शिक्षा, समग्र शिक्षा

**विशेष सहयोग** : श्री रमेश चंद्र और श्री अरविन्द सिंह, लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन

**समीक्षा** : श्री नवल किशोर (प्राचार्य, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.), डॉ. हरे राम पाण्डेय (प्रवक्ता, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.), श्री योगिराज मिश्र (प्रवक्ता, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.), डॉ. प्रतिभा सिंह (प्रवक्ता- शोध, एस.सी.ई.आर.टी., लखनऊ, उ.प्र.), डॉ. अमरजीत (शोध प्रवक्ता, राज्य हिंदी संस्थान, उ.प्र., वाराणसी, उ.प्र.)

**लेखन मंडल** : डॉ. हरे राम पाण्डेय (प्रवक्ता, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज), डॉ. प्रतिभा सिंह (प्रवक्ता- शोध, एस.सी.ई.आर.टी., लखनऊ), डॉ. अमरजीत (शोध प्रवक्ता, राज्य हिंदी संस्थान, उ.प्र., वाराणसी), श्री अमित वर्मा (प्रवक्ता- डायट सीतापुर), डॉ. अनीता (प्रवक्ता, डायट रायबरेली), श्रीमती अर्चना सिंह (सहायक अध्यापिका, प्रा. विद्यालय पतेरवाँ, वाराणसी), श्रीमती कुहू बैनर्जी (प्रधानाध्यापिका, प्रा. विद्यालय अटकोहना, लखीमपुर खीरी), सुश्री वैशाली गुलसिया (सहायक अध्यापिका, उ.प्रा. विद्यालय कुम्हरौरा, बाराबंकी), डॉ. अनिशा सिंह (प्रधानाध्यापिका, प्रा. विद्यालय दादुपुर, लखनऊ), श्रीमती इंदु पाण्डेय (सहायक अध्यापिका, प्रा. विद्यालय देवरी रूखारा-2, लखनऊ), श्रीमती किरन त्रिवेदी (सहायक अध्यापिका, बेसिक विद्यालय बढ़ौली, लखनऊ), श्रीमती सीमा श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका, प्रा. विद्यालय मलौली, गोसाईंगंज, लखनऊ), श्री विजय तिवारी (प्रधानाध्यापक, प्रा. विद्यालय विरमापुर, रुद्रपुर, देवरिया), श्रीमती रूशना ज़ैदी (सहायक अध्यापिका, प्रा. विद्यालय काकोरी-2, लखनऊ), श्रीमती दीपिका कनौजिया (सहायक अध्यापिका, प्रा. विद्यालय भट खेरवा, काकोरी, लखनऊ), श्री रवि ज्योति मिश्रा (सहायक अध्यापक, प्रा. विद्यालय साथी, गैसड़ी, बलरामपुर)
श्री मनोज कुमार गुप्ता, श्री बिपिन कुमार पाण्डेय, श्री विद्याधर मिश्र, सुश्री ऋचा ज्योति, सुश्री सुप्रिया घोष, श्री विशाल कश्यप - **लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन**

**लेआउट** : श्री कौस्तुभ खरे

**ग्राफिक्स** : अरविन्द गोयल (रामा पब्लिकेशन्स), दिल्ली

**आभार** : कार्यपुस्तिका के विकास में विभिन्न संस्थाओं की पाठ्य-सामग्री/साहित्य का उपयोग किया गया है। हम उन सभी के प्रति आभारी हैं।

---

मुद्रक एवं प्रकाशक :

संस्करण : प्रथम संस्करण

शिक्षा सत्र : 2024-2025

मुद्रित प्रतियों की संख्या :

---

अंत पृष्ठ के कागज का विशिष्टीकरण : प्रयुक्त कागज मिल सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर्स वर्जिन पल्प युक्त कागज बैम्बू अथवा वुड बेस्ड (Bamboo or wood based) के अतिरिक्त अन्य एग्रो बेस्ड (Agro based) अर्थात बगाज पर आधारित एवं झीम लेड एण्ड झीमवोब पेपर 70 जी.एस.एम. भार तथा आकार 50.8 सेमी. x 76.2 सेमी. का है। कागज की ब्राइटनेस न्यूनतम 80 प्रतिशत, वन मिनट कोब टेस्ट अधिकतम औसत 22, ब्रेकिंग लेन्थ झ्रॅस डायरेक्शन 1700, मशीन डायरेक्शन 2500, ओपेसिटी न्यूनतम-85 प्रतिशत एवं रजिस्टेन्ट टू फेदरिंग-टू पास द टेस्ट, टियर इन्डेक्स सी.डी. 40 एवं एम.डी. 3.5 है। प्रयुक्त होने वाला कागज में अन्य विशिष्टियां बी.आई.एस. कोड-1848 (चौथा पुनरीक्षण) के अनुसार है। पुस्तकों में प्रिंट साइज : 15.9 सेमी. x 22.1 सेमी., ट्रिम साइज : 1841 सेमी. x 24.13 सेमी. है।

---

उत्पादन: पाठ्य पुस्तक विभाग, शिक्षा निदेशालय (बेसिक), उ.प्र.
© उत्तर प्रदेश शासन

# शिक्षकों के लिए

इस कार्यपुस्तिका का निर्माण कक्षा-2 के बच्चों के लिए निर्धारित की गई निपुण दक्षताओं को ध्यान मे रखते हुए किया गया है। इस कार्यपुस्तिका से पाठ्यपुस्तक के पाठ पर आधारित अभ्यास कार्य के माध्यम से बच्चों में मुख्य रूप से 'समझ के साथ पढ़ना' तथा 'प्रवाहपूर्ण पठन' संबंधी दक्षताओं के विकास पर कार्य किया जाएगा।

**कार्यपुस्तिका में कार्य**

- भाग-1
  - पुनरावृत्ति (सप्ताह 1 से 7)
    - सप्ताह 1 से 4
      - वर्णों/अक्षरों पर आधारित कार्य
    - सप्ताह 5 से 7
      - शब्द आधारित
      - सरल वाक्य पठन
      - संबंधित लेखन
  - समझ के साथ पढ़ना और संबंधित लेखन कार्य (सप्ताह 8 से 25)
    - दिवस 1 व 2 – पाठ्यपुस्तक आधारित विस्तारित गतिविधियों पर कार्य
    - दिवस 3 – पाठ्यपुस्तक के थीम पर आधारित स्तरित पाठ पर कार्य
    - दिवस 4 – दिवस 3 के स्तरित पाठ आधारित अभ्यास कार्य
    - दिवस 5 – साप्ताहिक पुनरावृत्ति कार्य
    - दिवस 6 – साप्ताहिक आकलन/स्वतंत्र कार्य
- भाग-2
  - पठन अभ्यास (सप्ताह 1 से 12)
  - प्रवाहपूर्ण पठन (सप्ताह 14 से 25)

**प्रवाहपूर्ण पठन:** शब्दों को सटीकता और प्रवाह के साथ पढ़ पाना प्रवाहपूर्ण पठन कहलाता है। डिकोडिंग के आधारभूत कौशल प्राप्त कर लेने के बाद बच्चे को प्रवाह के साथ पढ़ने के भरपूर मौके मिलने चाहिए। इसको ध्यान में रखकर कार्यपुस्तिका के दूसरे भाग में बच्चों के स्तर के छोटे-छोटे पाठ बनाए गए हैं। इसके अभ्यास के लिए यह जानना जरूरी है कि बच्चा प्रति मिनट कितने शब्द पढ़ पाता है।

## प्रवाहपूर्ण पठन के अभ्यास का तरीका

1. मोबाइल में 1 मिनट का टाइमर लगाकर अपने पास मोबाइल, पेंसिल, रबड़ और कार्यपुस्तिका की एक प्रति रख लें। →
2. बच्चे को अपनी प्रति से उस सप्ताह के पाठ में से किसी एक पाठ को इंगित करते हुए पढ़ने को कहें। →
3. रिकॉर्ड करने के लिए बच्चे की कार्यपुस्तिका अपने पास रखें और उसके द्वारा पढ़े गए सही और गलत शब्द को गौर से सुनें। ↓
4. गलत शब्द पढ़ने पर उसके नीचे लाइन खींच दें और यदि दोबारा उस शब्द को वह सही पढ़ देता है तो उसे सही मानकर लाइन मिटा दें। →
5. 1 मिनट समाप्त होते ही शब्द के बाद ']' का निशान लगा दें। इस निशान तक सही पढ़े गए शब्दों को गिनकर बॉक्स में लिखें। →
6. फिर दूसरे बच्चे को बुलाएँ और यही प्रक्रिया उसके साथ दोहराएँ।

साथ ही, बच्चों के स्तर के किसी एक बॉक्स में निम्नलिखित मापदंड के अनुसार टिक (✓) का निशान लगाएँ।

| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
|---|---|---|---|
| एक भी शब्द सही नहीं पढ़ा गया या अधिकतम 5 शब्द ही पढ़े गए। | वर्ण/अक्षरों को जोड़-जोड़ कर शब्द पढ़े गए। | शब्द-दर-शब्द पढ़ा गया हो और वाक्यों पर ध्यान नहीं दिया गया। | वाक्यों को वाक्य की तरह पढ़ा गया। |

यह प्रक्रिया शिक्षक सप्ताह (सप्ताह 14-25) के दिवस 1 से 4 तक प्रतिदिन कक्षा के 25 प्रतिशत बच्चों के साथ करेंगे। इस प्रकार प्रत्येक सप्ताह हर बच्चे के पढ़ने की गति को मापा जा सकेगा।

# विषय सूची

## भाग–1: पुनरावृत्ति एवं समझ के साथ पढ़ना


| | | |
|---|---|---|
| सप्ताह 5 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–1 पर आधारित कार्य | 5–9 |
| सप्ताह 6 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 2–3 पर आधारित कार्य | 10–14 |
| सप्ताह 7 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 4–5 पर आधारित कार्य | 15–19 |
| सप्ताह 8 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 6–7 पर आधारित कार्य | 20–24 |
| सप्ताह 9 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–8 पर आधारित कार्य | 25–29 |
| सप्ताह 10 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 9–10 पर आधारित कार्य | 30–34 |
| सप्ताह 11 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–11 पर आधारित कार्य | 35–39 |
| सप्ताह 12 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–12 पर आधारित कार्य | 40–44 |
| सप्ताह 13 | सावधिक पुनरावृत्ति–1 | 45–49 |
| सप्ताह 14 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–13 पर आधारित कार्य | 50–55 |
| सप्ताह 15 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 14–15 पर आधारित कार्य | 56–61 |
| सप्ताह 16 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–16 पर आधारित कार्य | 62–67 |
| सप्ताह 17 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–17 पर आधारित कार्य | 68–73 |
| सप्ताह 18 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–18 पर आधारित कार्य | 74–79 |
| सप्ताह 19 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–19 पर आधारित कार्य | 80–85 |
| सप्ताह 20 | सावधिक पुनरावृत्ति–2 | 86–90 |
| सप्ताह 21 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–20 पर आधारित कार्य | 91–96 |
| सप्ताह 22 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 21–22 पर आधारित कार्य | 97–102 |
| सप्ताह 23 | पाठ्यपुस्तक के पाठ 23–24 पर आधारित कार्य | 103–108 |
| सप्ताह 24 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–25 पर आधारित कार्य | 109–114 |
| सप्ताह 25 | पाठ्यपुस्तक के पाठ–26 पर आधारित कार्य | 115–120 |


## भाग–2: पठन अभ्यास एवं प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास


| | | |
|---|---|---|
| सप्ताह 5–12 | पठन अभ्यास पर कार्य | 122–137 |
| सप्ताह 14–25 | प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास पर कार्य | 138–148 |

# नीमा की दादी



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तेल | हँसी | थोड़ी | स्कूल | घुटना |
| सब्जी | खेलने | चप्पल | पलटकर | दौड़कर |

सोचकर लिखें, आपके घर में ये काम कौन करता है?

सब्जियाँ लेकर आना → ----------------- झाड़ू लगाना → -----------------

खाना बनाना → ----------------- बर्तन धोना → -----------------

अनुनासिक लगाकर शब्द सही करें–

पाव → पाँव बास → -----------

चादी → ----------- चादनी → -----------

चित्रों को पहचानकर उनके नाम सही जगह लिखकर वाक्य पूरा करें–

पेड़ से फल मिलते हैं।

----------------- से खेलते हैं।

----------------- पैरों में पहनते हैं।

----------------- की सब्जी बनती है।






सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

----------------- ----------------- ----------------- ----------------- -----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# नीमा की दादी



**आओ इन पर बात करें–** (शिक्षक इन शब्दों को पाठ के संदर्भ में जोड़ते हुए बातचीत करें।)

दर्द जोर सिर्फ इंतजार

**नीमा रोज मैदान में खेलने जाती है। वह मैदान में कौन-कौन से खेल खेलती होगी? सोचकर लिखें–**

-------------------- --------------------

-------------------- --------------------

**नीचे दिए गए शब्दों में सही जगह मात्रा ( ी ) लगाकर शब्द पूरा करें और पढ़ें–**

दह → दही
कभ → ----------
नम → ----------
नाल → ----------
पनर → ----------
जमन → ----------

**पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–**

1. नीमा ---------- में दो बजे स्कूल से लौटी। (दोपहर/रात)
2. इस समय ---------- पर सिर्फ दादी होती हैं। (छत/घर)
3. उनके ---------- में दर्द रहता है। (घुटनों/सिर)
4. उन्हें नीमा का बहुत ---------- होता है। (रोजगार/इंतजार)

**तुकांत शब्द लिखें–** (शिक्षक तुकांत शब्द पर बच्चों से चर्चा करें।)

लौकी → ----------
ठेला → ----------
पीला → ----------
कभी → ----------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# नीमा की दादी



मिलाकर लिखें और पढ़ें–

मि न ट → ----------------

खे ल ना → ----------------

मै दा न → ----------------

सु ना ती → ----------------

पढ़ें, समझें और लिखें–

मीठी–मीठी → खीर

गरम–गरम → ----------------

तीखी–तीखी → ----------------

खट्टी–खट्टी → ----------------

इसे भी पढ़ें–

मोनू की दादी बीमार थी। उन्हें खाँसी आ रही थी। मोनू वहीं खेल रहा था। उसने दौड़कर दादी को पानी पिलाया। खाँसी रुक गई।



आपके परिवार में कौन–कौन हैं? उनके नाम और आपका उनके साथ क्या रिश्ता है, लिखें–

| नाम | रिश्ता |
|---|---|
| ---------------- | ---------------- |
| ---------------- | ---------------- |
| ---------------- | ---------------- |

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3–4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

---------------- ---------------- ---------------- ---------------- ----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# नीमा की दादी



आओ इन पर बात करें– (शिक्षक इन शब्दों को पाठ के संदर्भ में जोड़ते हुए बातचीत करें।)

खूब     पसंद     जल्दी     समय–कटना

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. मोनू की दादी .................... थी। (बीमार/स्वस्थ)

2. मोनू ने दौड़कर दादी को .................... पिलाया। (खाना/पानी)

3. दादी की .................... रुक गई। (खाँसी/जुकाम)

एक जैसी आवाज वाले शब्द खोजकर सही (✓) का निशान लगाएँ–

आती → कली   जाती   आरी   खाती   लाती

तेल → मेल   कील   रेल   खाल   जेल

शाम → कौआ   नाम   काम   किला   धाम

मिलाकर लिखें और पढ़ें–

पि ला या → ..............      दौ ड़ क र → ..............

बी मा र → ..............      दो प ह र → ..............

मै दा न → ..............      इं त जा र → ..............

DD/MM/YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

| सप्ताह 5 |
|---|
| दिवस 5 |

# नीमा की दादी

पाठ– 1

पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खुश | रोज | बैठ | बोली | थोड़ी |
| खाँसी | अच्छा | बीमार | रसोई | दोपहर |

इसे भी पढ़ें–

आज पापा रसोई में हैं। माँ नानी से मिलने गई हैं। पापा अच्छा खाना बनाते हैं। मुझे उनके बनाए छोले–पूड़ी बहुत पसंद हैं।

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. माँ ------------------- से मिलने गई हैं। (दादी/नानी)
2. आज ------------------- रसोई में हैं। (पापा/माँ)
3. पापा अच्छा ------------------- बनाते हैं। (खाना/हलवा)

| सप्ताह 5 |
|---|
| दिवस 6 |

# मैंने सीख लिया

पढ़ें– (बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।) [   | 10 ]

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खेल | रोज | खुश | तेल | खाना |
| हँसी | खाँसी | बीमार | दादाजी | इंतजार |

पढ़ें– (बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।) [   | 10 ]

दादी को चश्मा बनवाना था। राजू और दादी बाजार गए।

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

---------------- ---------------- ---------------- ---------------- ----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# घर



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घूम | नई | गोदी | प्यारी | वापस |
| खटिया | भूलता | मिठास | थककर | दिलाकर |

आपके घर में इसमें से क्या–क्या है? छाँटकर लिखें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बिस्तर | तारा | चटाई | पेड़ | बादल | पहाड़ |
| नदी | खटिया | गाय | खिड़की | तौलिया | दरवाजा |

---------------- ---------------- ---------------- ----------------

---------------- ---------------- ---------------- ----------------

शरीर के अंग का नाम लिखकर उसके बारे में एक वाक्य लिखें–

आँख → रात में बिल्ली की आँख चमकती है।

---------- → ----------------------------------------

---------- → ----------------------------------------

मिलाकर लिखें और पढ़ें–

वा प स → ----------

थ क क र → ----------

ता ज गी → ----------

दि ला क र → ----------

आपको अपने घर में कौन–सी जगह सबसे अधिक पसंद है और क्यों? लिखें–

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# घर



आओ इन पर बात करें– (शिक्षक इन शब्दों को पाठ के संदर्भ में जोड़ते हुए बातचीत करें।)

न्यारा    आराम    ताजगी    ममतावाला

आपका घर किन-किन चीजों से बनता है? सही (✓) का निशान लगाएँ–

| ईंट | कागज | बालू | पत्ते | सीमेंट | मिट्टी | सरिया | आटा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ |

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर कविता की पंक्तियाँ पूरी करें–

पापा, क्यों अच्छा लगता है
------------------------------
घूम-घाम लें, खेल-खाल लें
------------------------------

------------------------------
है माँ की गोदी-सा घर।
------------------------------
सुंदर-सुंदर न्यारा घर।

विलोम शब्द लिखें– (शिक्षक विलोम शब्द पर बच्चों से चर्चा करें।)

अच्छा → ----------------    आना → ----------------

अपना → ----------------    नई → ----------------

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

घर → ------------------------------------------------

पापा → ------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# माला की चाँदी की पायल



शब्द के अंतिम वर्ण/अक्षर से नया शब्द बनाकर लिखें–

डराती → तीर → ---------- → ---------- → ---------- → ----------

पाठ्यपुस्तक के पाठ के शब्दों को ग्रिड से खोजकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पा | ड | रा | ना | बा |
| य | का | ग | ज | ह |
| ल | मा | ना | नी | र |
| च | ला | ह | कू | द |

कूद ----------------------

----------------------

----------------------

----------------------

----------------------

----------------------

इसे भी पढ़ें–



बिल्ली रोज छिपकर आती।
सारा दूध चट कर जाती।
अम्मा ने एक तरकीब निकाली।
बाँधी गले में घंटी निराली।



ऊपर दी गई कविता के लिए एक शीर्षक लिखें और चित्र बनाएँ–

----------------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

---------------- ---------------- ---------------- ---------------- ----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# माला की चाँदी की पायल



**आओ इन पर बात करें–** (शिक्षक इन शब्दों को पाठ के संदर्भ में जोड़ते हुए बातचीत करें।)

प्यार   डराना   झनकना   लिपटना

**समझकर लिखें–** (जैसे चूड़ी हाथ में पहनी जाती है, वैसे ही कुछ अन्य उदाहरण देकर शिक्षक गतिविधि को समझाएँ।)

चूड़ी → हाथ
टोपी → ..............
पायल → ..............
माला → ..............
चश्मा → ..............
बेल्ट → ..............

**मिलाकर लिखें और पढ़ें–**

पा य ल → ..............
का ग ज → ..............
डा कि या → ..............
घू म ना → ..............

**पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर लिखें– माला इन आवाज़ों से किसको डराती थी?**

| आवाजें | किसको डराती थी |
|---|---|
| हुश्श्श! | .............................. |
| हेएए! | .............................. |
| धप्प! | .............................. |
| भऊऊ! | .............................. |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# घर
# माला की चाँदी की पायल



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उपाय | अम्मी | बिल्ली | नाखून | सुगंध |
| झंकार | डाकिया | रसोई | छिपकर | रेलगाड़ी |

इसे भी पढ़ें–

आबिद कंचे खेल रहा था। तभी उसकी नजर एक सुनहरे कंचे पर पड़ी। आबिद उसे उठाने को दौड़ा। कंचा अचानक चलने लगा।

ऊपर दिए गए पाठ के आधार पर वाक्यों को पढ़ें और सही या गलत लिखें–

कंचा अचानक ठहर गया। → --------------------

आबिद कंचे खेल रहा था। → --------------------

आबिद की नजर लाल कंचे पर पड़ी। → --------------------



# मैंने सीख लिया

पढ़ें– (बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।) [ ] 10

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घूम | वापस | आराम | ताजगी | सुंदर |
| डराना | कागज | डाकिया | भूलना | खटिया |

पढ़ें– (बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।) [ ] 10

मालती के पास छोटी बिल्ली थी। उसका नाम भूरी था।

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

---------------- ---------------- ---------------- ---------------- ----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

...........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# माँ



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दिल | सारे | जोश | जैसी | कितनी |
| प्रकाश | मिसरी | मुझमें | सच्ची | तुमसे |

मिलाकर लिखें और पढ़ें–

क वि ता → ----------------
सा ह स → ----------------
प्र यो ग → ----------------
दी वा र → ----------------

सोचें और लिखें– (शिक्षक इन शब्दों पर बच्चों से बातचीत करें और मौखिक रूप से वाक्यों में प्रयोग करें।)

| | | |
|---|---|---|
| ऊँची | भाली | → भोली–भाली बिल्ली |
| भोली | बड़ी | → ---------------- |
| कच्ची | नीची | → ---------------- |
| छोटी | पक्की | → ---------------- |

ग्रिड से रिश्तों के नाम खोजकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भा | दा | ब | ह | न |
| ई | दा | दी | दी | मा |
| ना | ना | चा | ची | बु |
| नी | पा | चा | न | आ |
| ग | पा | चू | फू | फा |

दादा ----------------
---------------- ----------------
---------------- ----------------
---------------- ----------------
---------------- ----------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3–4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

---------------- ---------------- ---------------- ---------------- ----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# माँ



आओ इन पर बात करें– (शिक्षक इन शब्दों को पाठ के संदर्भ में जोड़ते हुए बातचीत करें।)

जग भोली साहस विश्वास

सोचकर लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| मिसरी जैसा मीठा → | जलेबी | ---------- | ---------- |
| नीम जैसा कड़वा → | ---------- | ---------- | ---------- |

आप इन्हें क्या कहकर पुकारते हैं, लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| माँ की माँ → | ---------- | पिता की माँ → | ---------- |
| माँ के पिता → | ---------- | पिता के पिता → | ---------- |
| माँ की बहन → | ---------- | पिता की बहन → | ---------- |

तुकांत शब्द लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| मन → | ---------- → | ---------- → | ---------- |
| आता → | ---------- → | ---------- → | ---------- |

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

प्यारी → ----------------------------------------

भोली → ----------------------------------------

ऊँची → ----------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# ममता का घर



पाठ्यपुस्तक के पाठ में आए चंद्रबिंदु ( ँ ) वाले शब्दों को छाँटकर लिखें और पढ़ें–

| | | |
|---|---|---|
| चाँद | | |
| | | |

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

घर → ..........................................

गाँव → ..........................................

दोपहर → ..........................................

इसे भी पढ़ें–

आयत कक्षा दो में पढ़ती है। वह छुट्टियों में अपनी नानी के घर गई। नानी का गाँव बहुत सुंदर है। वहाँ चारों ओर हरियाली है।



लिखें– (शिक्षक दिए गए प्रश्नों पर मौखिक चर्चा करें, फिर बच्चों से लिखने को कहें।)

1. आयत किस कक्षा में पढ़ती है? ..........................................
2. वह छुट्टियों में कहाँ गई? ..........................................
3. आयत ने नानी के गाँव में क्या–क्या देखा होगा? ..........................................

आपको छुट्टियों में कहाँ–कहाँ जाना अच्छा लगता है? सोचकर लिखें–

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# ममता का घर



आओ इन पर बात करें– (शिक्षक इन शब्दों को पाठ के संदर्भ में जोड़ते हुए बातचीत करें।)

भूख चारा दालान गौशाला

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें –

1. ममता का घर ............................ गाँव में है। (मानावाला/जानावाला)
2. बिजली जाने पर मगन ...................... जला देता है। (बल्ब/लैम्प)
3. ममता के बाबूजी ............................ पर काम करते हैं। (खेत/दुकान)

आपके घर से क्या पास और क्या दूर है?

घर से
- स्कूल ........................................ है।
- अस्पताल ........................................ है।
- बाजार ........................................ है।
- रेलवे स्टेशन ........................................ है।
- मेडिकल स्टोर ........................................ है।

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य पूरा करें–

1. सुंदर है/नानी का/गाँव बहुत ... नानी का गाँव बहुत सुंदर है।
2. कक्षा दो/आयत/में पढ़ती है ........................................
3. हरियाली है/वहाँ/चारों ओर ........................................

DD/MM/YYYY
दिनांक

.................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 7
दिवस 5

# माँ
# ममता का घर

पाठ 4–5

पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| टाँग | खूँटी | दालान | गौशाला | दातून |
| बगिया | छप्पर | दोपहर | किस्सा | परिवार |

इसे भी पढ़ें–

गाँव में एक हाथी आया। चंदन ने उसका नाम गोलू रखा। गोलू गन्ना खाता था। वह चंदन को पीठ पर बैठाकर घुमाता था।

लिखें–

1. चंदन ने हाथी का नाम क्या रखा? ------------------------------------
2. हाथी क्या खाता था? ------------------------------------
3. चंदन को हाथी की पीठ पर बैठकर कैसा लगता होगा?

------------------------------------------------------------

सप्ताह 7
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें– (बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।) [   | 10 ]

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गुलाबी | अंधेरा | दिल | जोश | भोली |
| सिनेमा | साहस | मिसरी | इशारा | दीवार |

पढ़ें– (बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।) [   | 20 ]

मेरे गाँव में एक तालाब है। उसमें ढेरों मछलियाँ हैं। कुछ छोटी तो कुछ बड़ी। मुझे उन्हें देखना पसंद है।

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-4 वर्ण/अक्षर वाले पाँच शब्द बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

--------------- --------------- --------------- --------------- ---------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# झूला



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्याम | सावन | सुरीली | पड़ती | कोयल |
| उपवन | बढ़ाकर | मचाएंगे | हिलमिल | कुहू–कुहू |

दिए गए शब्द के अंतिम वर्ण/अक्षर से शब्द लिखें–

सावन → नदी → ........ → ........ → ........
→ ........ → ........ → ........ → ........

ऐसे कौन बोलता है? सोचकर लिखें– (वाक्यों में लिखें।)

1. कुहू–कुहू → कोयल कुहू–कुहू बोलती है।
2. म्याऊँ–म्याऊँ → ........................................
3. काँव–काँव → ........................................
4. भौं–भौं → ........................................

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर शब्दों को सही क्रम में रखकर वाक्य पूरा करें–

1. पड़ती/अब फुहार/सुखदायी → ........................................
2. झूला झूले/हम सब/आओ → ........................................
3. गाने वाली/कर/कुहू–कुहू → ........................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# झूला



आओ इन पर बात करें–

पेंग फुहार मतवाली सुखदायी

सोचकर लिखें– ये किस काम आते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुर्सी → | बैठने के लिए | झूला → | ---------- |
| कार → | ---------- | नाव → | ---------- |
| पेंसिल → | ---------- | गिलास → | ---------- |

आपने झूला जहाँ–जहाँ देखा है, उस पर गोला लगाएँ–

| | | | |
|---|---|---|---|
| मेला | सड़क | पार्क | नदी |
| बगीचा | खेत | तालाब | घर |

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर वाक्यों को पढ़ें और उनके आगे सही या गलत लिखें–

1. पेंग बढ़ाकर पेड़ को छूलें। → ----------
2. आओ हम सब झूला झूलें। → ----------
3. देखो लाल घटा नभ छाई। → ----------
4. अब फुहार पड़ती सुखदायी। → ----------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

--------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कद्दू जी की बारात





इसे भी पढ़ें –

छतरी ताने माला पहने,
घोड़े पर बैठे बैंगन राजा।
परवल–टमाटर लगे नाचने,
आलू ने बजाया बाजा।



दुल्हन बनकर बैठी धनिया,
हाथों में जयमाल लिए।
खुश होकर सहेली की शादी से,
भिन्डी ने लड्डू बाँट दिए।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. बैंगन की शादी में कौन–कौन नाचने लगे? ..................................
2. भिन्डी ने खुश होकर क्या बाँटा? ..................................
3. इस कविता को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..................................
4. धनिया ने बैंगन को जयमाल क्यों पहनाया होगा?

..................................................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कद्दू जी की बारात



आओ इन पर बात करें–

प्रातः सपना बाराती मुस्काते

बारात में क्या-क्या होता है? छाँटकर लिखें– (शिक्षक बारात पर बच्चों से चर्चा करें।)

दावत जयमाला नाच उड़ना सजावट तैरना

-------------------- -------------------- -------------------- --------------------

ग्रिड से सब्जियों के नाम खोजकर लिखें और किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आ | लू | पा | गो | भी |
| ट | श | ल | ज | म |
| मा | तो | क | रे | ला |
| ट | र | मे | रा | मू |
| र | ई | थी | पा | ली |

------------------------ ------------------------
------------------------ ------------------------
------------------------ ------------------------
------------------------ ------------------------

------------------ → ----------------------------------------------------------------
------------------ → ----------------------------------------------------------------

आप बारात में जाते हैं तो क्या-क्या करते हैं? सोचकर लिखें–

----------------------------------------------------------------------------------------------------
----------------------------------------------------------------------------------------------------
----------------------------------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 8
दिवस 5

# झूला
# कद्दू जी की बारात

पाठ 6–7

इसे भी पढ़ें –

हथिनी ठुमक–ठुमक कर मिठाई की दुकान पर गई। उसने देखा पेड़ा और लड्डू फ्रिज के अन्दर एक थाल में सजे हुए हैं। हथिनी ने दुकान से एक किलो लड्डू लिए।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. मिठाई की दुकान पर कौन गया था? ------------------------------------------------

2. फ्रिज के अंदर क्या सजा हुआ था? ------------------------------------------------

3. हथिनी ने लड्डू किसे खिलाए होंगे?

------------------------------------------------------------------------------------

सप्ताह 8
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें।
(बच्चों द्वारा सही पढ़े गए शब्दों की संख्या को कोष्ठक में अंकित करें।)

| | 20 |

डेविड अस्सी घाट के पास रहता है। उसके परिवार में ताऊ, चाचा और चाची भी हैं। वह रोज चाची के साथ घूमने जाता है।

1. डेविड कहाँ रहता है? | | 1 |
2. उसके परिवार में कौन–कौन है? | | 1 |
3. डेविड रोज कहाँ घूमने जाता होगा? | | 1 |

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3–5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तीन दोस्त



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पक्के | दोस्त | बैंगनी | रोशनी | दुनिया |
| टपकना | मुस्कराना | आलूबुखारा | चमकदार | मिल–जुलकर |

फलों और रंगों के नाम को छाँटकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| केला | अनानास | अनार | लाल | काला |
| आलूबुखारा | हरा | बैंगनी | संतरा | सफेद |

फल → ------------ ------------ ------------ ------------ ------------

रंग → ------------ ------------ ------------ ------------ ------------

दिए गए शब्दों को पढ़ें और उनके रंग का नाम लिखें–

| | | |
|---|---|---|
| दूध, दही, रसगुल्ला, चमेली का फूल चम्पा का फूल | धनिया, पालक, मटर, परवल, भिंडी | गुड़हल का फूल, टमाटर, गाजर, सेब, अनार |
| ---------------- | ---------------- | ---------------- |

बहुवचन में बदलकर लिखें– (शिक्षक बहुवचन पर बच्चों से चर्चा करें।)

केला → केले    संतरा → ----------------

पंखा → ----------------    गमला → ----------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

--------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# तीन दोस्त



आओ इन पर बात करें–

तलाश रंगीन लगातार समुंदर

ग्रिड से रंगों के नाम खोजकर उनसे वाक्य बनाकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गु | ला | बी | भू | जा |
| द | ल | ह | रा | मु |
| सु | न | ह | रा | नी |
| स | फे | द | का | ला |
| च | म | पी | ला | र |

जामुनी — मेरे पास जामुनी रंग का कुर्ता है।

........ — ........

........ — ........

........ — ........

सोचकर लिखें? इनका स्वाद कैसा होगा–

समोसा → ........

नींबू → ........

आम → ........

करेला → ........

चटनी → ........

लस्सी → ........

दिए गए वाक्यों को पढ़ें और 'कब' का उपयोग करके प्रश्न बनाएँ–

लाल और पीला साथ चले। → लाल और पीला कब साथ चले?

पीले ने नीले से हाथ मिलाया। → ........

पीले ने खाना खाया। → ........

नीला स्कूल गया। → ........

DD / MM / YYYY
दिनांक

........ शिक्षक के हस्ताक्षर

# तीन दोस्त



## इसे भी पढ़ें –

नीले आसमान को काले–काले बादलों ने ढक लिया। पीला सूरज भी बादलों के पीछे छिपकर सुस्ताने लगा। झमाझम बारिश हुई। पेड़ों पर हरियाली ही हरियाली छा गई। भूरे पहाड़ बारिश में नहाकर चमकने लगे।



नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. नीले आसमान को किसने ढका? ................................
2. बादलों के पीछे कौन सुस्ता रहा था? ................................
3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ................................
4. पीला सूरज बादलों के पीछे छिपकर क्यों सुस्ता रहा होगा?

................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तीन दोस्त



आओ इन पर बात करें–

वस्तु    दोस्ताना    सुस्ताना    दुनिया

पिछले दिवस के पाठ का उदाहरण देते हुए बच्चों को बताएं कि अलग-अलग चीजें अलग-अलग रंग की होती हैं, जैसे- पेड़ हरे होते हैं। इसके बाद गतिविधि बच्चों को करने को कहें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आसमान | → | ------------------- | पहाड़ | → | ------------------- |
| सूरज | → | ------------------- | बादल | → | ------------------- |

हरी भिंडी और भूरे आलू की बातचीत को पढ़ें और आगे बढ़ाएँ–

हरी भिंडी: आज बहुत गरमी है।

भूरा आलू: चलो लस्सी पीते हैं।

हरी भिंडी: मुझे तो गोला खाना है।

भूरा आलू: तो अब ------------------------------------------------

सोचकर लिखें–

1. लाल रंग और पीला रंग मिलकर ------------------- रंग बन जाता है।
2. पीला रंग और नीला रंग मिलकर ------------------- रंग बन जाता है।
3. लाल रंग और नीला रंग मिलकर ------------------- रंग बन जाता है।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 9
दिवस 5

# तीन दोस्त

पाठ–8

इसे भी पढ़ें –

बारिश में नेहा नीला छाता लेकर निकली। उसके दोस्त भीग रहे थे। उसने कहा– बारिश में मत भीगो। बीमार हो जाओगे। आओ मिलकर हरे पत्ते का छाता बनाते हैं। सबने मिलकर केले और सागौन के पत्ते का छाता बनाया।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. नेहा के छाते का रंग क्या था? ------------------------------
2. सबने मिलकर किन पत्तों से छाता बनाया? ------------------------------
3. केले और सागौन के पत्ते का ही छाता क्यों बनाया होगा?

------------------------------

सप्ताह 9
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। [ | 25]

तीन दोस्त आगरा घूमने गए। वहाँ उन्होंने ताजमहल और आगरा का किला देखा। सभी ने आगरा का पेठा खरीदा। फिर सब रेलवे स्टेशन आ गए।

1. तीनों दोस्त कहाँ घूमने गए? [ | 1]
2. आगरा में उन्होंने क्या देखा? [ | 1]
3. सभी ने पेठा ही क्यों खरीदा होगा? [ | 1]

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3–5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# दुनिया रंग-बिरंगी



पढ़ें -

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पंख | पंछी | नींबू | पत्ता | सागर |
| आकाश | बंदगोभी | सब्जियाँ | सूरजमुखी | खुशबूदार |

समानार्थी शब्द लिखें- (शिक्षक उदाहरण देकर गतिविधि समझाएँ।)

पानी → जल

समुंदर → ..........

आकाश → ..........

पक्षी → ..........

रेखांकित शब्द का विलोम लिखकर वाक्य लिखें-

आकाश बहुत <u>बड़ा</u> है। — छोटा — मेरा कमरा छोटा है।

सूरज हम लोगों से बहुत <u>दूर</u> है। — .......... — ..........

कमरे में <u>अंधेरा</u> है। — .......... — ..........

रातें कितनी <u>छोटी</u> हो गई हैं। — .......... — ..........

मिलाकर लिखें और पढ़ें-

हवल + दार → ..........

थाने + दार → ..........

समझ + दार → ..........

दुकान + दार → ..........

सुनकर लिखें- (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

..........

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........
शिक्षक के हस्ताक्षर

# दुनिया रंग-बिरंगी



आओ इन पर बात करें-

फुंसी खुशबू रंग-बिरंगी चमचमाता

पाठ्यपुस्तक के पाठ में आए सब्जियों के नाम लिखें और पढ़ें-

---------------- ---------------- ---------------- ----------------

दिए गए शब्दों से दो-दो वाक्य बनाएँ-

बल्ला → ------------------------------------
→ ------------------------------------

धूप → ------------------------------------
→ ------------------------------------

पक्षी/जीव जंतुओं के नाम सोचकर लिखें-

आकाश में उड़ने वाले → ------------------ ------------------

जल में रहने वाले → ------------------ ------------------

जमीन पर रहने वाले → ------------------ ------------------

जल और जमीन दोनों पर रहने वाले → ------------------ ------------------

दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखें-

| | | |
|---|---|---|
| हिमालय | दौड़ना | खेलना |
| सुनैना | भागना | मीठा |
| मेरठ | रहीम | बिल्ली |

**संज्ञा शब्द**

हिमालय ------------ ------------

------------ ------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कौन





इसे भी पढ़ें –

जब कोई थक जाता है तो
मेरी छाया में सुस्ताता है।

मुझ पर पंछी घोंसला बनाते हैं।
मुझसे फल और फूल पाते हैं।
गिलहरियाँ मुझ पर खेलती हैं।
बताओ मैं कौन हूँ?

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. पंछी किस पर घोंसला बनाते हैं? ..............................

2. यह कौन कह रहा है– "बताओ मैं कौन हूँ?" ..............................

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..............................

4. लोग पेड़ों के नीचे ही क्यों सुस्ताते हैं?

..............................

DD/MM/YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कौन



आओ इन पर बात करें–

दिशा निर्मल पर्वत इंद्रधनुष

वाक्यों को जोड़कर नया वाक्य बनाकर लिखें–

| | | |
|---|---|---|
| मेरे पास मोबाइल है।<br>मोबाइल काले रंग का है। | → | मेरे पास काले रंग का मोबाइल है। |
| मेरे पास खिलौने हैं।<br>खिलौने बहुत सुंदर हैं। | → | |
| मेरे पास किताब है।<br>किताब हिंदी की है। | → | |

आसमान में क्या-क्या दिखता है? सोचकर लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कौआ | | | |

समूह से जो अलग है, उस पर गोला लगाएँ और उससे वाक्य बनाकर लिखें–

| | |
|---|---|
| रात, नींद, लौकी, सोना | |
| पेड़, जहाज, फूल, पौधे | |
| कॉपी, किताब, पेंसिल, आलू | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# दुनिया रंग-बिरंगी
# कौन



इसे भी पढ़ें-

बाराबंकी में बरसात हो रही थी। फिर अचानक वहाँ धूप निकल आई। आकाश में सात रंगों का इंद्रधनुष दिखने लगा। उसमें अलग- अलग रंग थे- बैंगनी, जामुनी, नीला, हरा, पीला, नारंगी और लाल।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं? ------------------------------------

2. कहाँ अचानक धूप निकल आई? ------------------------------------

3. इंद्रधनुष के रंगों जैसी कौन-कौन सी अन्य चीजें आपको दिखाई देती हैं?

------------------------------------------------------------



# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 24

शादाब और मिहिर मैदान में खेल रहे थे। पास ही अब्बू खेत में काम कर रहे थे। गेंद अब्बू को लगी। अम्मी हँसने लगी।

1. मैदान में कौन-कौन खेल रहे थे? | 1

2. अब्बू खेत में क्या कर रहे थे? | 1

3. शादाब और मिहिर क्या खेल रहे होंगे? | 1

सुनकर लिखें- (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

...............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बैंगनी जोजो



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पीला | बादल | सूरज | सफेद | जामुन |
| कुत्ता | किसने | बैंगनी | आकाश | गुब्बारे |

दिए गए शब्दों को पढ़ें और उनके लिए कोई एक रंग का नाम लिखें–

कुत्ता → ------------------------ कौआ → ------------------------

घोड़ा → ------------------------ लोमड़ी → ------------------------

खरगोश → ------------------------ तोता → ------------------------

वाक्य में क्या/कौन/क्यों लगाकर प्रश्न बनाकर लिखें–

जोजो ने ऊपर सूरज को देखा। जोजो ने ऊपर सूरज को क्यों देखा?

मैं तो पीला हूँ। ------------------------

जामुन का पेड़ है। ------------------------

बादल हट गया। ------------------------

वाक्यों को पढ़ें और दूसरे तरीके से लिखें– (शिक्षक उदाहरण देकर बच्चों को गतिविधि समझाएँ।)

किसने दिए मुझे बैंगनी धब्बे? → मुझे बैंगनी धब्बे किसने दिए?

उसने देखा एक बादल को। → ------------------------

तो वह जामुन का पेड़ था। → ------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बैंगनी जोजो



आओ इन पर बात करें–

सोना धब्बा बेचारा जगना

शब्दों को सही करके लिखें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ड़पे | → | पेड़ | शकाआ | → | |
| फेदस | → | | रेधी | → | |
| गनीबैं | → | | चेनी | → | |

बहुवचन में बदलकर लिखें–

गुब्बारा बोला → गुब्बारे बोले

बच्चा घबराया → ..............

महंगा संतरा → ..............

दरवाजा खुला → ..............

सोचकर लिखें– (शिक्षक चर्चा करें कि इन रंगों के धब्बे किस-किस चीज से पड़ सकते हैं?)

बैंगनी रंग का धब्बा → जामुन से

भूरे रंग का धब्बा → ..............

काले रंग का धब्बा → ..............

नीले रंग का धब्बा → ..............

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

..............

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बैंगनी जोजो






## इसे भी पढ़ें –

एक कुत्ता सड़क पर घूम रहा था। रास्ते में उसे बकरी मिली। कुत्ते ने पूछा– मुझसे दोस्ती करोगी ? बकरी बोली– क्यों नहीं ! कुत्ता और बकरी आगे बढ़े। रास्ते में उन्हें बिल्ली मिली। कुत्ते ने पूछा– हमारी दोस्त बनोगी ? बिल्ली बोली– "मैं क्यों बनूँ ?"

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. कुत्ता कहाँ घूम रहा था ? ------------------------------------------------
2. कुत्ते ने बिल्ली से क्या पूछा ? ------------------------------------------
3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे ? ------------------------------
4. बिल्ली ने ऐसा क्यों कहा होगा– "मैं क्यों बनूँ ?"

------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 11
दिवस 4

# बैंगनी जोजो

पाठ–11

आओ इन पर बात करें–

अन्य उदास आजाद चिड़ियाघर

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर सही या गलत लिखें–

एक कुत्ता गाँव में घूम रहा था। → ..........

रास्ते में उसे बकरी मिली। → ..........

बिल्ली उनकी दोस्त बनना चाहती थी। → ..........

कुत्ता और बकरी आगे बढ़े। → ..........

लिंग बदलें–

चींटा → चींटी

मुर्गा → ..........

बकरी → ..........

लड़का → ..........

समूह के शब्दों को पढ़ें और बताएँ वे क्या हैं–

| कुत्ता, बिल्ली, घोड़ा, हाथी, | तोता, कोयल, कौआ, तीतर | बस, रेलगाड़ी, कार, घोड़ागाड़ी |
|---|---|---|
| .......... | .......... | .......... |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 11
दिवस 5

# बैंगनी जोजो

पाठ–1 1

इसे भी पढ़ें –

एक बार कौआ उड़ते-उड़ते लखनऊ के चिड़ियाघर पहुँच गया। उसने वहाँ रंग-बिरंगे तोते, चिड़िया और अन्य पक्षी देखे। यह देखकर कौआ उदास हो गया। कौए को उदास देखकर पीला तोता बोला– भाई, उदास मत हो। तुम तो आजाद हो।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. कौआ कहाँ गया? ------------------------------------------------
2. कौए को उदास देखकर पीला तोता क्या बोला? ---------------------------
3. कौआ उदास क्यों था? ----------------------------------------------

सप्ताह 11
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | | 30

एक दिन सारस सतरंगी पहाड़ से रंग लाया। उसे उसने तालाब में मिला दिया। पूरा तालाब सतरंगी हो गया। सतरंगी पानी से कुछ मछलियाँ नीली तो कुछ पीली हो गईं।

1. सारस रंग कहाँ से लेकर आया? | | 1
2. मछलियाँ किस रंग की हो गईं? | | 1
3. तालाब सतरंगी रंग का क्यों हो गया होगा? | | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तोसिया का सपना



पढ़ें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मिर्च | गायब | दोपहर | फिरोजी | सहेलियाँ |
| छू-छूकर | चुन्नियाँ | सदाबहार | सूरजमुखी | गुब्बारेवाला |

ग्रिड से फूलों और रंगों के नाम खोजकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स | का | ला | ह | रा |
| फे | नी | प | पी | ला |
| द | ला | च | मे | ली |
| सू | र | ज | मु | खी |
| र | क | गु | ला | ब |

| फूल | रंग |
|---|---|
| चमेली | काला |
| ------------ | ------------ |
| ------------ | ------------ |

दिए गए वाक्यों में विशेषता बताने वाले शब्दों को छाँटकर लिखें–

नानी के बाल सफेद थे। नानी ने मेहंदी लगाई तो बाल रंगीन हो गए। नानी ने शाम में पीली दाल और हरी सब्जी के साथ गोल-गोल रोटियाँ खाईं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सफेद | ------------ | ------------ | ------------ | ------------ |

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

सहेली → ------------------------------------------------

गुब्बारे → ------------------------------------------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तोसिया का सपना



आओ इन पर बात करें–

दुनिया    मसाले    गायब    घबराना

पाठ्यपुस्तक के पाठ में आए मसालों के नाम लिखें–

---------- ---------- ---------- ----------

दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखें–

रीना और सीमा दोस्त हैं। दोनों ट्रेन से कानपुर जा रहे थे। भूख लगने पर उन्होंने समोसा खाया। लखनऊ स्टेशन पर उन्हें किताबों की दुकान दिखी।

---------- ---------- ---------- ----------

वाक्य में 'नहीं' का उपयोग करते हुए नए वाक्य बनाकर लिखें–

तोसिया ने सपना देखा। ---- तोसिया ने सपना नहीं देखा।

रंग–बिरंगे फूल खिले थे। ----------

नानी ने कहा– उसके बाल काले हैं। ----------

रसोई में मसाले रखे थे। ----------

कहानी को आगे बढ़ाएँ– (शिक्षक उदाहरण देकर बच्चों को गतिविधि समझाएँ।)

कल रात मैंने सपना देखा। सपने में एक ----------

----------

----------

----------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तोसिया का सपना





## इसे भी पढ़ें –

माही के कुत्ते का नाम पोगो था। पोगो सफेद रंग का था। एक दिन माही की दोस्त चित्र बना रही थी। रंग की कटोरी अचानक गिर गई। रंग के छींटों से पोगो चितकबरा हो गया।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. माही के कुत्ते का क्या नाम था? ------------------------
2. पोगो किस रंग का था? ------------------------
3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ------------------------
4. पोगो किन–किन रंगों से चितकबरा हुआ होगा?

------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तोसिया का सपना



आओ इन पर बात करें–

चोंच पार्क बगीचा फुनगी

दिए गए वाक्यों में 'नहीं' लगाकर लिखें और पढ़ें–

माही के कुत्ते का नाम पोगो था। माही के कुत्ते का नाम पोगो नहीं था।

पोगो सफेद रंग का था। ..........

रंग की कटोरी गिरी। ..........

दोस्त चित्र बना रही थी। ..........

बहुवचन में बदलकर लिखें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोटी | → | रोटियाँ | कटोरी | → | |
| बकरी | → | | लकड़ी | → | |
| पहेली | → | | लड़की | → | |

दिए गए शब्दों से विलोम शब्द लिखकर वाक्य बनाएँ–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रात | → | दिन | → | ठंड में दिन छोटे होते हैं। |
| कठोर | → | | → | |
| भारी | → | | → | |
| सफेद | → | | → | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 12
दिवस 5

# तोसिया का सपना

पाठ–1 2

इसे भी पढ़ें–

नीरू अपने पापा के साथ लोहिया पार्क घूमने गई। वहाँ उसे अलग-अलग रंगों के पत्ते दिखे। पहले उसे लगता था कि पत्ते तो बस हरे रंग के होते हैं।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. नीरू किसके साथ लोहिया पार्क घूमने गई? ---------------------------------
2. वहाँ उसने क्या देखा? ------------------------------------------------------
3. नीरू को कौन-कौन से रंग के पत्ते मिले होंगे?

---------------------------------------------------------------------------------

सप्ताह 12
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें– 30

होली रंगों का त्योहार है। होली के दिन सभी लोग रंगों से खेलते हैं। एक-दूसरे को लाल, हरा, पीला, नीला, गुलाल लगाते हैं। मथुरा की होली बहुत मशहूर है।

1. होली के दिन लोग क्या करते हैं? 1
2. कहाँ की होली मशहूर है? 1
3. होली को रंगों का त्योहार क्यों कहते हैं? 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-




राधा बाजार जा रही थी। सड़क पर बहुत भीड़ थी। सड़क पर गाड़ियाँ चल रही थीं। उसने बहुत सावधानी से सड़क पार की।

1. राधा कहाँ जा रही थी? ------------------------------------

2. उसने सड़क कैसे पार की? ------------------------------------

3. सड़क पर कौन-कौन से वाहन चलते हैं?

------------------ ------------------ ------------------ ------------------

नीचे दिए गए शब्दों में सही जगह मात्रा ( ा ) लगाकर शब्द पूरा करें और पढ़ें-

| | | | |
|---|---|---|---|
| जम → | जमा | कल → | ------------------ |
| सबक → | ------------------ | अपन → | ------------------ |
| डरन → | ------------------ | बाज → | ------------------ |
| भागन → | ------------------ | कमर → | ------------------ |

DD/ MM/ YYYY ..............................

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



बरसात का मौसम था। पानी बरस रहा था। शोभा ने कागज की नाव बनाई। वह बरसात के रुकने का इंतजार करने लगी।

1. कौन-सा मौसम था? ------------------------------------------
2. शोभा ने किस चीज की नाव बनाई? ------------------------------
3. बरसात के मौसम में आपको क्या-क्या करना अच्छा लगता है?

------------------------------------------------------------

मिलाकर लिखें और पढ़ें-

| | | |
|---|---|---|
| चल | कर | चलकर |
| रख | | ---------- |
| सोच | | ---------- |
| दौड़ | | ---------- |

DD/MM/YYYY ..............................

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



महेश को चटपटी चीजें खाना पंसद है। वह रोज समोसा और भुजिया खरीद कर खाता है। उसके पेट में दो दिनों से बहुत दर्द है।

1. महेश को क्या खाना पंसद है? ------------------------------------
2. वह बाजार से क्या खरीद कर लाता है? --------------------------
3. आप बाजार से क्या-क्या खरीदकर खाना पसंद करते हैं?

------------------------------------------------------------

ग्रिड से शब्द खोजकर लिखें -

| | | | |
|---|---|---|---|
| आ | री | छ | त |
| ब | गु | ला | ठी |
| पी | ठ | ठे | रा |
| पे | ड़ा | नी | ला |

------आरी------ --------------------

-------------------- --------------------

-------------------- --------------------

-------------------- --------------------

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



रजिया गाँव का चित्र बना रही थी। उसने नदी, पहाड़, फूल और हाथी का चित्र बनाया। रजिया ने बने हुए चित्र को रंगों से सजाया।

1. रजिया किसका चित्र बना रही थी? ------------------------------------------
2. रजिया ने बने हुए चित्र को कैसे सजाया? ---------------------------------
3. आपको चित्र बनाना हो, तो किसका चित्र बनाएँगे?

------------------------------------------------------------------------------

तुकांत शब्द लिखें- (शिक्षक तुकांत शब्द पर बच्चों से चर्चा करें।)

| | | | |
|---|---|---|---|
| जाला → | -------------------- | केला → | -------------------- |
| भरा → | -------------------- | जाता → | -------------------- |

सुनकर लिखें- (शिक्षक 3-5 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



बादल ने हवा से कहा कि वह धीरे-धीरे चले। वे उड़ते-उड़ते थक गए हैं। हवा नहीं मानी। वह और तेज बहने लगी। बादल नाराज होकर बरसने लगे।

1. बादल ने हवा से क्या कहा? ----------------------------------------------
2. उड़ते-उड़ते कौन थक गया? ----------------------------------------------
3. तेज हवा बहने से क्या-क्या होता है?

----------------------------------------------------------------------------------------

दिए गए शब्दों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखें-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लखनऊ | कूदना | खेलना | मोहन | चलना |
| फातिमा | भागना | बकरी | कुर्सी | खट्टा |

--------------- --------------- --------------- --------------- ---------------

DD/MM/YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तालाब



पढ़ें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| साँप | सारस | तालाब | केकड़ा | फाख्ता |
| मच्छर | तितलियाँ | मकड़ियाँ | कनखजूरा | किंगफिशर |

पूर्ण विराम ( । ) को सही स्थान पर लगाकर लिखें– (शिक्षक अन्य उदाहरण के साथ चर्चा करें।)

शमा ने शाम में खाना खाया शमा के पापा ने कहानी सुनाई शमा को कहानी सुनकर नींद आ गई

शमा ने शाम में खाना खाया।

ग्रिड से जंतुओं और पक्षियों के नाम खोजकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सि | या | र | मै | ना |
| ना | गा | बै | म | क |
| को | य | ल | छ | बू |
| छि | प | क | ली | त |
| तो | ता | सु | अ | र |

| जंतुओं के नाम | पक्षियों के नाम |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

दिए गए शब्दों से प्रश्न बनाकर लिखें–

छिपकलियाँ → छिपकलियाँ दीवार पर कैसे चलती हैं?

तालाब →

पेड़ →

सुनकर लिखें– (शिक्षक 4-6 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# तालाब



आओ इन पर बात करें–

याद किनारा उड़ाकू सर्दियाँ

सोचकर लिखें– क्या एक है और क्या अनेक?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पेड़ एक | → | पत्ते अनेक | कक्षा एक | → | |
| अनार एक | → | | सिर एक | → | |

वाक्यों में क्रिया शब्द पर गोला लगाकर क्रिया शब्द से नया वाक्य लिखें–

चींटी गाना गाती है। सरोज अच्छा गाती है।

कनखजूरा खाना खाता है। ----------------

बादल रोज बरसते हैं। ----------------

तालाब का पानी बहता है। ----------------

तालाब का सारा पानी सूख जाए तो क्या होगा? सोचकर लिखें–

----------------

----------------

----------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 4-6 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

----------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# तालाब






इसे भी पढ़ें –

सूरज ने तालाब से कहा– तालाब भइया! मेरे दोस्त बादल को बड़ी जोर की प्यास लगी है। पानी मिलेगा क्या ? तालाब ने कहा– अरे ! इसमें पूछने की क्या बात ? जितना चाहो पी लो।

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर



बादल ने तालाब का सारा पानी पी लिया। फिर सूरज ने कहा– तुम्हें पानी वापस मिल जाएगा।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. सूरज ने पानी पिलाने के लिए किससे कहा? ------------------------

2. सूरज का दोस्त कौन था? ------------------------

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ------------------------

4. तालाब का पानी वापस कैसे मिलेगा? ------------------------

जल्दी–जल्दी पढ़ें–

पीतल के पतीले में पपीता पीला–पीला

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# तालाब



आओ इन पर बात करें–

नेता हुजूम सैकड़ों

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर वाक्यों के सामने सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाएँ–

1. इस तालाब का नाम छोटा तालाब है। ( )
2. सूरज ने तालाब से कहा– तालाब भइया! ( )
3. तालाब किनारे एक घर है। ( )
4. पानी मिलेगा क्या? ( )

गाँव के तालाब/पोखर में कौन–कौन से जीव–जंतु रहते हैं? लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| ------------------ | ------------------ | ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ | ------------------ | ------------------ |

तालाब को साफ–सुथरा रखने के लिए नारा लिखें– (शिक्षक मौखिक रूप से चर्चा करें और गतिविधि समझाएँ।)

मिलकर हम सबने ठाना है, तालाब को स्वच्छ बनाना है।

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 14
दिवस 5

# तालाब

पाठ–13

इसे भी पढ़ें–

प्रयागराज के संगम में एक सारस मछली की ताक में बैठा था। तभी उसने देखा– सैकड़ों पक्षियों का हुजूम उड़कर संगम के किनारे आ बैठा। सारस ने पक्षियों के नेता से पूछा– कहाँ से आए हो? पक्षियों के नेता ने कहा– साइबेरिया से।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. सारस संगम में क्या कर रहा था? ------------------------------------

2. सारस ने पक्षियों के नेता से क्या पूछा? ------------------------------

3. पक्षियों का हुजूम संगम के किनारे क्यों आया होगा?
------------------------------------------------------------------------

सप्ताह 14
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | | 36

नीलिमा और सुरैया मस्ती करते हुए स्कूल जा रही थीं। रास्ते में उन्हें गिलहरी दिखी। गिलहरी अखरोट खा रही थी। सुरैया ने गिलहरी से पूछा– अखरोट कहाँ से मिले? गिलहरी ने कहा– तालाब के किनारे से।

1. नीलिमा किसके साथ स्कूल जा रही थी? | | 1

2. गिलहरी को अखरोट कहाँ से मिले थे? | | 1

3. नीलिमा और सुरैया मस्ती करते हुए स्कूल क्यों जा रही थीं? | | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# नन्हा पौधा



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नन्हा | निद्रा | बूँदें | शक्ति | अन्तर |
| अनोखी | गहराई | खोलकर | अलसायी | अँगड़ाई |

चित्र को देखकर उसके भागों के नाम लिखें–



दिए गए प्रश्नों को पढ़ें और 'हाँ' या 'नहीं' लगाकर वाक्य बनाएँ–

क्या इसमें फूल होंगे? इसमें फूल नहीं होंगे।

क्या यह छोटा ही रहेगा? ..................

क्या यह पेड़ है? ..................

क्या इसकी जड़ गहरी है? ..................

दिए गए शब्दों से 2–3 वाक्य बनाकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| माली | पौधा | बगीचा | बीज | मिट्टी |

..................

..................

..................

DD / MM / YYYY
दिनांक

..................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# नन्हा पौधा



आओ इन पर बात करें–

त्याग संसार अद्भुत आलस्य

बच्चे और बीज की बातचीत को पढ़ें और आगे बढ़ाएँ–

बच्चा: तुम किसके बीज हो?

बीज: मैं तो टमाटर का बीज हूँ।

बच्चा: क्या तुम मुझसे भी लम्बे होगे?

बीज: ------------------------------------------------

बच्चा: ------------------------------------------------

सोचकर लिखें– (संज्ञा शब्द)

अपने दोस्तों के नाम → ---------- ---------- ----------

कक्षा-कक्ष की वस्तुओं के नाम → ---------- ---------- ----------

उत्तर प्रदेश के शहरों के नाम → ---------- ---------- ----------

ग्रिड से अनाजों के नाम खोजकर गोला लगाएँ और किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| च | रा | म | क | ई |
| ना | ज | धा | न | अ |
| बा | मा | न | ति | र |
| ज | चा | व | ल | ह |
| रा | य | म | ट | र |

---------------- → ----------------------------

------------------------------------------------

---------------- → ----------------------------

------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# किसान





इसे भी पढ़ें –

छम–छम करती बारिश आई,
गीले हुए खेत–खलिहान।
थोड़ी धूप खाकर सूरज की,
हरे हो गए खेत–खलिहान।
गेहूँ उगा और उगा जौ,
उग गई मूली–गाजर।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर



भीनी खुशबू लिए धनिया उगा,
उग गए आलू और टमाटर।
चलो ले आएं खेतों से,
हरी सब्जियाँ भर-भरकर।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. खेत खलिहान कैसे गीले हो गए? ................................................

2. खेत में क्या-क्या उगा? ................................................

3. इस कविता को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ................................................

4. अगर धूप न हो तो क्या होगा? ................................................

सोचकर लिखें, आप क्या करते हैं?

जब बारिश होती है → ................................................

जब गुस्सा होते हैं → ................................................

जब खुश होते हैं → ................................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# किसान



आओ इन पर बात करें–

भीनी खुशबू ठिठुरन खलिहान

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. उग गए ---------------------- और टमाटर। (सरसों/आलू)
2. हरी सब्जियाँ ------------------------ । (घर पर/भर–भरकर)
3. -------------------------- करती बारिश आई। (छम–छम/टम–टम)
4. भीनी ------------------------ लिए धनिया उगा। (बदबू/खुशबू)

सोचकर लिखें– इनसे क्या–क्या बनता है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| गन्ना → | ------------------- | ------------------- | ------------------- |
| चावल → | ------------------- | ------------------- | ------------------- |
| गेहूँ → | ------------------- | ------------------- | ------------------- |

चित्र देखकर उसके बारे में लिखें–



------------------------------------
------------------------------------
------------------------------------
------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# नन्हा पौधा किसान



इसे भी पढ़ें –

ननकू एक किसान था। वह बहुत मेहनत से फसल उगाता था। जानवर फसल को बर्बाद कर देते थे। ननकू बहुत परेशान हो गया। उसने पुराने मटके और खर-पतवार से पुतला बनाया। पुतले को खेत में लगा दिया। पुतले को देखकर जानवरों ने खेत में आना छोड़ दिया।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. बहुत मेहनत से फसल कौन लगाता था? ..............................
2. पुतला किस चीज से बनाया गया? ..............................
3. जानवर खेत में फसल बर्बाद न करें, इसके लिए और क्या उपाय हो सकते हैं? ..............................



# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 38

एक दिन समीरा बगीचे में खेल रही थी। उसने वहाँ रंग-बिरंगी तितलियाँ देखीं। कुछ तितलियों के पंख सफेद और काले थे। कुछ के पंख इंद्रधनुष के रंगों से सजे थे। वह सोचने लगी तितलियाँ इतनी रंग-बिरंगी क्यों है?

1. समीरा कहाँ खेल रही थी? | 1
2. बगीचे में उसने क्या देखा? | 1
3. तितलियाँ इतनी रंग-बिरंगी क्यों होती हैं? | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिलहरी और कौआ



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ठंडा | कौआ | फसल | अकेला | अनाज |
| निराई | बरसा | तैयार | गिलहरी | काँव-काँव |

बहुवचन में बदलकर लिखें–

रोटी → --------------------
डाल → --------------------
फसल → --------------------
गिलहरी → --------------------
कौआ → --------------------
पौधा → --------------------

शब्दों को छाँटकर सही जगह लिखें–

भिंडी गेहूँ बाजरा आलू चना करेला गोभी मक्का

| अनाजों के नाम | | सब्जियों के नाम | |
|---|---|---|---|
| -------------------- | -------------------- | -------------------- | -------------------- |
| -------------------- | -------------------- | -------------------- | -------------------- |

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

खेत → ----------------------------------------
घास → ----------------------------------------
कौआ → ----------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिलहरी और कौआ



आओ इन पर बात करें–

पैदा   हिस्सा   बाँटना   चुपड़ी

शब्दों को सही करके लिखें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चपड़ | → | चुपड़ी | गलहरी | → | ............ |
| अनज | → | ............ | दसर | → | ............ |

सोचकर लिखें–

बारिश में
- पेड़ों पर → हरियाली छाई।
- कागज की → ............
- सड़क पर → ............
- खूब पकौड़े → ............

दिए गए वाक्यों को पढ़ें और चिन्हित शब्द से दूसरा वाक्य बनाएँ–

चुपड़ी <u>रोटी</u> खाता हूँ। → रोटी खाकर भूख मिट गई।

कौआ <u>बैठा</u> ही रहा। → ............

<u>गिलहरी</u> खेत जोत आई। → ............

पौधा <u>बड़ा</u> हो गया। → ............

सुनकर लिखें– (शिक्षक 4–6 शब्दों वाला एक वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

............

DD / MM / YYYY
दिनांक

............
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिलहरी और कौआ



## इसे भी पढ़ें –

गिल्लू गिलहरी आज अखरोट खा रही थी। अचानक से उसका एक दाँत टूट गया। आवाज आई खट्ट्। गिल्लू दर्द के मारे बिलबिला उठी। वह भागी-भागी वैद्य बिल्ली के दवाखाने गई।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर



वैद्य बिल्ली ने गिल्लू को दवाई दी। गिल्लू गिलहरी ने फिर कभी अखरोट ना खाने की कसम खाई। अब गिल्लू ने मेवा खाना शुरू कर दिया है।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. दाँत टूटने पर गिल्लू भागकर कहाँ गई? ..............................

2. गिल्लू ने क्या ना खाने की कसम खाई? ..............................

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..............................

4. क्या-क्या खाने से दाँत टूट सकता है?

..............................................................................

जल्दी-जल्दी पढ़ें-

कच्चा पापड़ पक्का पापड़

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिलहरी और कौआ



आओ इन पर बात करें–

सारा     काटना     उत्तर     सर्दी

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर वाक्य पूरा करें–

1. गिल्लू गिलहरी आज -------------------- खा रही थी। (अखरोट/खजूर)

2. अब गिल्लू ने -------------------- खाना शुरू कर दिया है। (अमरूद/मेवा)

3. वैद्य बिल्ली ने -------------------- को दवाई दी। (गिल्लू/बिल्लू)

4. गिल्लू दर्द के मारे -------------------- उठी। (बिलबिला/तड़प)

वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को खोजकर लिखें–

गुरप्रीत ने कहा– हिमेश आएगा। -------------------- --------------------

गिलहरी ने कौए से कहा। -------------------- --------------------

वह बरेली से लखनऊ जा रही थी। -------------------- --------------------

सोचकर लिखें– खेतों में क्या-क्या काम होता है?

-------------------- -------------------- --------------------

-------------------- -------------------- --------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिलहरी और कौआ



इसे भी पढ़ें –

मेरे बाबा किसान हैं। बाबा के पास दो बैल हैं। बाबा बैलों से खेत जोतते हैं। सींचकर रोपकर फसल उगाते हैं। गर्मी में दलहन–तरकारी। बारिश में धान और सर्दी में गेहूँ उगाते हैं। फसल के कटने पर घर अनाज से भर जाता है।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. गर्मी में बाबा खेत में क्या उगाते हैं? ..........................................

2. बाबा किससे खेत जोतते हैं? ..........................................

3. आपने कौन–कौन सी फसलें देखी हैं?

..........................................



# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 40

आजकल बरसात हो रही है। पानी के लिए नदी का पेट छोटा पड़ गया। इसलिए पानी हमारे खेतों में भर गया। पानी भर जाने से फसल को बहुत नुकसान हुआ। जब पानी धीरे–धीरे कम हुआ। फसल फिर से लहलहाने लगी।

1. पानी के लिए किसका पेट छोटा पड़ गया? | 1
2. पानी भर जाने से फसल का क्या हुआ? | 1
3. पानी कितने दिनों में कम हुआ होगा? | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बरसात और मेंढक



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पानी | कमली | मेंढक | बादल | सोमारू |
| खिलाना | पत्थर | झूमकर | बरसात | सूखकर |

जानवरों की आवाज छाँटकर लिखें–

म्याऊँ–म्याऊँ  टर्र–टर्र  भौं–भौं  खौं–खौं  कुक्डू–कूँ  गुटर–गूँ

बंदर → खौं–खौं
बिल्ली → ----------
कुत्ता → ----------
कबूतर → ----------
मुर्गा → ----------
मेंढक → ----------

सोचकर लिखें, आप किसके पास जाते हैं?

जब आपको भूख लगी हो → ----------
जब आप बीमार होते हो → ----------
जब आपको किताबें लेनी हों → ----------
जब आपको कपड़े सिलवाने हों → ----------

समझकर लिखें– (शिक्षक उदाहरण देकर बच्चों को गतिविधि समझाएँ।)

पत्थर गीला है। → लगता है इस पर पानी गिरा है।
मेंढक गाना गा रहा है। → ----------
काले घने बादल छाए हैं। → ----------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बरसात और मेंढक



आओ इन पर बात करें–

भूख राह माफी जरा-सा

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. सोमारू और कमली ------------------ घूमने गए। (जंगल/मंदिर)
2. लौटते समय उन्हें जोर की ------------------ लगी। (प्यास/भूख)
3. गाय ने कहा– मुझे ------------------ खिलाओ। (घास/लकड़ी)
4. नदी तो ------------------ पड़ी हुई थी। (गीली/सूखी)

सोचकर लिखें– क्या होगा अगर बारिश लगातार कई दिनों तक होती रहे?

कपड़े नहीं सूखेंगे। ------------------

------------------ ------------------

दूध से क्या-क्या बनाया जा सकता है? लिखें–

| | | |
|---|---|---|
| ------------ | ------------ | ------------ |
| ------------ | ------------ | ------------ |

सुनकर लिखें– (शिक्षक 4-6 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------

------------------------------------------

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बरसात और मेंढक





इसे भी पढ़ें –

फुदकू मेंढक और गर्जू बादल दोस्त हैं। आज दोनों सैर पर निकले। चलते–चलते फुदकू को शरारत सूझी। वह हरी–हरी घास में छिप गया। गर्जू पूरा दिन इधर से उधर घूमकर फुदकू को खोजता रहा।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर



फिर गर्जू को एक उपाय सूझा। उसने तेज बारिश कर दी। फुदकू फुदककर घास से बाहर आ गया।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. मेंढक और बादल का क्या नाम था? ..............................

2. हरी घास में कौन छिप गया? ..............................

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..............................

4. फुदकू घास से बाहर क्यों आया होगा?

..............................

सोचकर लिखें-

| | | |
|---|---|---|
| हाथ थामना | → | हाथ छोड़ना |
| कपड़ा धोना | → | .............. |
| सामान उठाना | → | .............. |
| जल्दी उठना | → | .............. |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बरसात और मेंढक



आओ इन पर बात करें–

वृक्ष अनेक आराम फलदार

पिछले दिवस के पाठ की कहानी के आधार पर वाक्यों से पहले सही क्रम संख्या लिखें–

( ) गर्जू को एक उपाय सूझा।
( ) गर्जू पूरा दिन फुदकू को खोजता रहा।
( ) फुदकू को शरारत सूझी।
( ) फुदकू घास से बाहर आ गया।
( ) फुदकू और गर्जू सैर पर निकले।

वर्ण/अक्षर लिखकर ग्रिड पूरा करें और शब्द खोजकर लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बा | प | र | छा | ----- |
| ----- | बूँ | द | ला | ना |
| ल | ----- | ढ़ | का | रा |
| ----- | नी | की | च | ----- |

------------------ ------------------
------------------ ------------------
------------------ ------------------

दिए गए शब्दों से 3–4 वाक्यों की कहानी बनाकर लिखें–

मेंढक साँप सूरज तालाब पानी

--------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 17
दिवस 5

# बरसात और मेंढक

पाठ–17

इसे भी पढ़ें –

रॉबिन के गाँव के पास एक बड़ा तालाब है। तालाब में कई तरह के जीव-जंतु हैं। तालाब के चारों तरफ फलदार पेड़ हैं। तालाब का पानी बहुत साफ रहता है। गाँव के लोग पेड़ से फल तोड़कर खाते हैं। बचे हुए फल बाजार में बेच देते हैं।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. तालाब के चारों तरफ क्या हैं? ------------------------------------

2. रॉबिन के गाँव के पास क्या था? --------------------------------

3. तालाब के चारों ओर कौन-कौन से फलदार पेड़ होंगे?

------------------------------------------------------------

सप्ताह 17
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 39

सरोज तालाब के किनारे बैठकर मछलियों को दाना डाल रही थी। मछलियाँ उसके पाँव के आसपास आकर दाना खाने लगीं। अचानक कुछ मछलियाँ भाग गईं। सरोज ने पाँव पानी से बाहर निकाल लिए। उसे लगा मछलियाँ डर गई हैं।

1. सरोज किसको दाना डाल रही थी? | 1
2. मछलियाँ कहाँ आकर दाना खा रही थीं? | 1
3. अचानक से सारी मछलियाँ क्यों भागी होंगी? | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कुसंगति का फल



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पलंग | प्रकार | जाऊँगा | सिपाही | गँवाना |
| देखकर | भागकर | खटमल | तुम्हारा | बिस्तर |

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर बताएँ- किसने किससे कहा?

तुम गलत जगह आ गए हो। → ............ने ............से

मैं तुम्हारा अतिथि हूँ। → ............ने ............से

देखो, बिस्तर में खटमल या जूँ हैं → ............ने ............से

बहुवचन में बदलकर लिखें-

चूहा कपड़े कुतरता है। → चूहे कपड़े कुतरते हैं।

तोता पेड़ पर बैठा है। → ........................

लड़का खेल रहा है। → ........................

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें-

सिपाही → ........................

खटमल → ........................

सुनकर लिखें- (शिक्षक 4-6 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

........................................

........................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कुसंगति का फल



आओ इन पर बात करें–

तड़प  अतिथि  लालची  कुसंगति

विशेषताएँ छाँटकर लिखें–

| | | |
|---|---|---|
| लम्बी पूँछ | पैने दाँत | दहाड़ना |
| दिन में सोना | पानी में तैरना | खून पीना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| शेर → | दहाड़ना | उल्लू → | ---------- |
| चूहा → | ---------- | मछली → | ---------- |
| बंदर → | ---------- | खटमल → | ---------- |

पाठ्यपुस्तक के पाठ से संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखें–

---------- ---------- ---------- ----------

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर मिलाकर लिखें और पढ़ें–

| | | |
|---|---|---|
| तुम गलत जगह | तड़प उठा। | → राजा तड़प उठा। |
| खटमल बोला– | चला जाऊँगा। | → ---------- |
| राजा | आ गए हो। | → ---------- |
| सुबह मैं | ठीक है। | → ---------- |

सुनकर लिखें– (शिक्षक 4-6 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

----------

----------

DD / MM / YYYY
दिनांक

.................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कुसंगति का फल





इसे भी पढ़ें –

शेर ने दौड़ की शर्त रखी। जो कोई पहाड़ के उस पार मुझसे पहले पहुँचेगा, उसे मैं अपना दोस्त बनाऊँगा। चूहे ने कहा– मैं दौड़ूँगा। दौड़ देखने हाथी, गिलहरी, बंदर, खरगोश आदि आए। दौड़ शुरू हुई, शेर तेज भागा।

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

चालाक चूहा बिल में से होता हुआ पहाड़ के उस पार पहुँच गया। शेर अभी दौड़ ही रहा था।



नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. शर्त किसने रखी? ..............................

2. दौड़ देखने कौन-कौन आया? ..............................

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..............................

4. चूहे ने शर्त स्वीकार क्यों की होगी?

..............................

अगर इनकी दौड़ होगी तो कौन जीतेगा? (वाक्य में लिखें।)

| | | | |
|---|---|---|---|
| हाथी | बंदर | → | .............................. |
| खरगोश | शेर | → | .............................. |
| चूहा | गिलहरी | → | .............................. |

DD/MM/YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कुसंगति का फल



आओ इन पर बात करें–

घायल घबराना टकराना सावधानी

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. चूहे ने कहा– मैं ........................ । (दौड़ूँगा/खाऊँगा)
2. शेर ने दौड़ की ........................ रखी। (शर्त/बात)
3. शेर अभी ........................ ही रहा था। (चल/दौड़)

दिए गए शब्दों से 3–4 वाक्य बनाकर लिखें–

पूँछ पंजा जाल शिकारी

..................................................................................

..................................................................................

..................................................................................

पूर्ण विराम को सही स्थान पर लगाकर लिखें– (शिक्षक अन्य उदाहरण के साथ चर्चा करें।)

कीनू बत्तख तालाब के किनारे रहती थी नीलू मछली तालाब में रहती थी दोनों में गहरी दोस्ती थी दोनों साथ में खेलते, फिर घर चले जाते

..................................................................................

..................................................................................

..................................................................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 18
दिवस 5

# कुसंगति का फल

पाठ–18

इसे भी पढ़ें –

पता नहीं कैसे! एक कुत्ते का मुँह डिब्बे में फँस गया। उसे कुछ दिख नहीं रहा था। वह घबराने लगा। वह चीजों से टकराकर घायल हो रहा था। चिंटू ने उसे मुश्किल से पकड़ा। सावधानी से उसका मुँह डिब्बे से निकाला। डिब्बे से निकलते ही कुत्ता पूँछ हिलाने लगा। चिंटू और कुत्ता दोनों दोस्त बन गए।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. कुत्ते का मुँह किसमें फँस गया? ------------------------------------------------

2. उसे कुछ दिख क्यों नहीं रहा था? --------------------------------------------

3. कुत्ते का मुँह डिब्बे में कैसे फँसा होगा?

------------------------------------------------------------------------

सप्ताह 18
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 45

जावेद के गाँव में पीपल का पेड़ था। उस पर बंदरों का झुंड रहता था। गाँव के सभी लोग बंदरों को खाना देते। एक दिन जावेद स्कूल से घर जा रहा था। तभी तेज बारिश होने लगी। जावेद पीपल के पेड़ के नीचे ठहर गया।

1. जावेद के गाँव में कौन-सा पेड़ था? | 1
2. पेड़ पर कौन रहता था? | 1
3. गाँव के लोग बंदरों को खाना क्यों देते होंगे? | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आउट



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ढूँढना | बल्ला | रस्सी | पन्नी | कूदना |
| टुकड़ा | फेंकना | आँगन | क्रिकेट | गिल्ली–डंडा |

मिलान करके शब्दों से वाक्य बनाएँ–

| | | | |
|---|---|---|---|
| गेंद | डंडा | → | मोहन गिल्ली–डंडा खेल रहा है। |
| गिल्ली | बल्ला | → | ---------- |
| छुपन | कूद | → | ---------- |
| रस्सी | छुपाई | → | ---------- |

खेलों के नाम छाँटकर लिखें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रिकेट | दरवाजा | खो–खो | कैरम | किताब | लूडो |
| फुटबॉल | पालक | रस्सीकूद | धनिया | शतरंज | पेड़ |

---------- ---------- ---------- ---------- ----------

वाक्यों से विशेषता बताने वाले शब्दों पर गोला लगाएँ और उनसे नया वाक्य बनाकर लिखें–
(शिक्षक उदाहरण द्वारा गतिविधि बच्चों को समझाएँ।)

मोहित की गेंद लाल है। → ----------

कतरन रंग–बिरंगी थी। → ----------

आम बहुत मीठा था। → ----------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 4–6 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

----------

----------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आउट



आओ इन पर बात करें–

कसना आउट सुतली कतरन

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर आगे क्या हुआ? लिखें–

| बबली ने जोर से बल्ला घुमाया। | जीत ने जोर से बल्ला घुमाया। |
|---|---|
| ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- |

बहुवचन में बदलकर शब्द लिखें और उससे वाक्य बनाएँ–

कपड़ा → ---------- → ----------

फसल → ---------- → ----------

छाता → ---------- → ----------

ग्रिड से खेलों के नाम खोजकर लिखें और किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| टे | नि | स | फु | पो |
| क | लू | डो | ट | लो |
| ब | हॉ | खो | बा | क्रि |
| ड् | की | खो | ल | के |
| डी | कै | र | म | ट |

---------- ----------

---------- ----------

---------- ----------

---------- ----------

---------- → ----------

---------- → ----------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आउट





इसे भी पढ़ें –

रेहाना को फुटबॉल खेलना बहुत पसंद है। वह अपने विद्यालय में फुटबॉल टीम की कप्तान है। रेहाना अपनी टीम के साथ फुटबॉल खेल रही थी। अचानक फुटबॉल में हवा कम हो गई। जिससे वे खेल नहीं पा रहे थे।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

रेहाना पास के जुम्मन चाचा की दुकान पर गई। चाचा ने कहा- "मैं इसे ठीक करके रखूँगा।" तब तक मेरी फुटबॉल से खेलो।




नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. रेहाना को क्या खेलना पसंद था? ..........................................

2. रेहाना शाम को किसके साथ खेल रही थी? ..........................................

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..........................................

4. फुटबॉल से हवा क्यों कम हुई होगी?

..........................................

सुनकर लिखें- (शिक्षक 4-6 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

..........................................

..........................................

DD/MM/YYYY
दिनांक

..........................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# आउट



आओ इन पर बात करें–

गहरी    दोस्ती    सिखाना    हूलाहूप

मिलाकर शब्द बनाएँ और लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| विद्या | दार | → | दुकानदार |
| दुकान | बॉल | → | |
| फुट | किल | → | |
| साइ | लय | → | |

सही जोड़ी मिलाएँ और दोनों शब्दों के उपयोग से वाक्य बनाकर लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| हूलाहूप | बैट | → | |
| फुटबॉल | शटल | → | |
| क्रिकेट | मैदान | → | |
| बैडमिंटन | रिंग | → | मुझे हुलाहूप रिंग घुमाना नहीं आता। |

सोचकर लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| दोस्तों के साथ | मैदान में | → | खेलने जाते हैं। |
| | विद्यालय में | → | |
| | बाजार में | → | |
| | बैठकर | → | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# आउट



इसे भी पढ़ें –

गुरमीत को हूलाहूप रिंग से खेलना आता था। सुमन रिंग को नहीं घुमा पाती थी। सुमन ने गुरमीत से कहा– मुझे भी सिखा दो। गुरमीत ने कहा– बहुत आसान है। गुरमीत ने सुमन को हूलाहूप रिंग कमर में घुमाना सिखा दिया। अब दोनों हूलाहूप रिंग से खेलती हैं। दोनों की दोस्ती और गहरी हो गई।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. गुरमीत को क्या खेलना आता था? ------------------------------------

2. सुमन ने गुरमीत से क्या कहा? ------------------------------------

3. दोनों की दोस्ती और गहरी क्यों हुई?

------------------------------------------------------------



# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 42

गौरी के स्कूल में खेल का आयोजन हुआ। बच्चे अपनी पसंद का खेल खेल रहे थे। कुछ बच्चे खो–खो खेल रहे थे। कुछ कबड्डी तो कुछ बच्चे बैडमिंटन। स्कूल के अन्य बच्चे किनारे बैठकर देख रहे थे। बच्चे तालियाँ बजा रहे थे।

1. खेल का आयोजन कहाँ हुआ? | 1
2. बच्चे कौन–कौन से खेल खेल रहे थे? | 1
3. बच्चे तालियाँ क्यों बजा रहे थे? | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–



अटरू मटरू दो दोस्त थे। एक दिन अटरू को खेलते समय चोट लग गई। मटरू, अटरू को लेकर डॉक्टर के पास गया। डॉक्टर ने अटरू को दवाई दी, वह ठीक हो गया।

1. अटरू मटरू कौन थे? ------------------------------------------------
2. डॉक्टर ने अटरू को क्या दिया? ------------------------------------
3. आप कब डॉक्टर के पास गए और क्यों?

------------------------------------------------------------------------

संज्ञा शब्द चुनकर लिखें–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आम | ठीक | अटरू | डॉक्टर | मिठाई | कब | कौन | कानपुर | घड़ी | पढ़ना |
| लिखना | चलना | राजू | हाथी | डरना | अलावा | पास | तितली | फूल | अब |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ---------- | ---------- | ---------- | ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- | ---------- | ---------- | ---------- |

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



छुक-छुक करती रेल चली।
करती ठेलम पेल चली।
पुल आता तो डगमग करती,
तेज गति से आगे बढ़ती।
आगे जब स्टेशन आता,
पों-पों कर इंजन चिल्लाता
भागम-भाग मचाती रेल,
सबसे आगे जाती रेल।

1. रेल कैसे चलती है? ..............................
2. इंजन कैसे चिल्लाता है? ..............................
3. रेलगाड़ी के अलावा और किस किससे यात्रा की जा सकती है?

..............................

ग्रिड से यातायात के साधन खोजकर लिखें और किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ-

| | | | |
|---|---|---|---|
| से | बै | ना | व |
| रे | ल | गा | ड़ी |
| का | गा | ऑ | टो |
| र | ड़ी | ब | स |

.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. ..............................

.............................. → ..............................

.............................. → ..............................

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



गोलू की दीवार घड़ी उससे नाराज हो गई। घड़ी ने कहा, 'अब आज से मैं समय नहीं बताऊँगी।' घड़ी नाराज होकर रुक गई। गोलू घड़ी के लिए नई बैटरी लाया। अब घड़ी खुश होकर चलने लगी।

1. दीवार घड़ी किससे नाराज थी? ------------------------------------------------

2. घड़ी ने क्या कहा? ------------------------------------------------------

3. अगर आपके घर में घड़ी ना हो तो क्या होगा?

------------------------------------------------------------------------

पूर्ण विराम को सही स्थान पर लगाकर लिखें-

आयत को भूख। लगी उसने बाबा से। समोसा लाने को कहा बाबा समोसा। लाए सबने मिलकर। खाया

------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-



बोला भालू आलू से,
मैं तुमको खा जाऊँगा।
आलू बोला भालू भईया।
मैं तो शोर मचाऊँगा।
शोर सुनेंगे हाथी चाचा।
दौड़े-दौड़े आएँगे।
परेशान तुम मुझे करोगे,
तो तुमको डाँट लगाएँगे।
तुम रोते-रोते घर जाओगे।
हम बैठ यहाँ मुस्कुराएँगे।

1. भालू ने आलू से क्या कहा? ------------------------------------------------
2. आलू क्या बोला? ------------------------------------------------
3. आलू क्या बोलकर शोर मचाएगा?
------------------------------------------------

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें- (खाऊँगा, आलू, हाथी)

भालू ने ---------------------- से कहा कि मैं तुमको ---------------------- ।

आलू मदद के लिए ---------------------- को बुलाएगा।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# सावधिक पुनरावृत्ति



पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–



टुकटुक और गुनगुन के घर के पास एक बगीचा है। बगीचे में तरह–तरह के फूल खिले हैं। फूलों पर तितलियाँ बैठी हैं। पास में गिलहरी पेड़ पर दौड़ रही है। टुकटुक ने तितली को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया तो तितली पंख हिलाकर उड़ गई।

1. फूलों पर कौन बैठा था? ------------------------------------------------
2. पेड़ पर कौन दौड़ रहा था? ----------------------------------------------
3. अगर आप तितली होते तो उड़कर कहाँ–कहाँ जाते?

---------------------------------------------------------------------------

शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाएँ–

तितलियाँ / बैठी हैं / पर / फूलों ----------------------------------

उड़ गई / हिलाकर / तितली / पंख ----------------------------------

बगीचा है / पास / घर के / एक ----------------------------------

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# छुपन-छुपाई



पढ़ें -

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कमरा | पलंग | आँगन | गिनती | नाजिया |
| दुबारा | सिमरन | अलमारी | दरवाजा | कूदकर |

घर के अंदर कौन-कौन से खेल खेले जा सकते हैं? सोचकर लिखें-

------------------ ------------------ ------------------ ------------------

मिलाकर लिखें और उस शब्द से वाक्य बनाएँ-

देख, कूद, सोच, गिन + कर

देखकर → वह मुझे देखकर छुप गई।

------------ → ------------------------------------------

------------ → ------------------------------------------

------------ → ------------------------------------------

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर 'कौन कहाँ मिला'? लिखें-

मोहित → ------------------------ मारिया → ------------------------

जीत → ------------------------ सिमरन → ------------------------

वर्तनी सही करके लिखें और पढ़ें-

नआँग → -------------------- हरबा → --------------------

मराक → -------------------- रदचा → --------------------

नतीगि → -------------------- लंगप → --------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# छुपन-छुपाई



आओ इन पर बात करें-

बारी ढूँढना धप्पा गिनना

खेल के नाम छाँटकर लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रिकेट | लूडो | साँप-सीढ़ी | कैरम | बैडमिंटन | खो-खो |
| हॉकी | कंचे | चोर-सिपाही | कबड्डी | स्टापू | पोशमपा |

| चार या चार से कम खिलाड़ियों के साथ खेले जाने वाले खेल | चार से अधिक खिलाड़ियों के साथ खेले जाने वाले खेल |
|---|---|
| ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- |
| ---------- | ---------- |

पाठ्यपुस्तक की कहानी के आधार पर नीचे दिए गए बच्चों को जीत ने किस क्रम में ढूँढा ?

सिमरन नाजिया मोहित बबली मारिया

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| ---------- | ---------- | ---------- | ---------- | ---------- |

सुनकर लिखें- (शिक्षक 6-8 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# छुपन–छुपाई





इसे भी पढ़ें –

गुरलीन, सना, समीर और फौजिया लुका–छिपी खेल रहे थे। सब छिप गए। फौजिया सबको खोजने ही चली थी कि मामा दिख गए। फौजिया मामा को देखकर खुश हो गई। उन्हें लेकर अपने घर चली गई।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

उसे याद ही नहीं
रहा कि वह
लुका-छिपी
खेल रही थी।
गुरलीन, सना
और समीर
बहुत देर तक
छिपे रहे।



नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. सब क्या खेल रहे थे? ----------------------------------------

2. फौजिया मामा को लेकर कहाँ गई? ----------------------------

3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ----------------------

4. गुरलीन, सना और समीर बहुत देर तक क्यों छिपे रहे?

----------------------------------------------------------------

बातचीत को आगे बढ़ाएँ-

सना : चलो कोई खेल खेलते हैं।

समीर : ----------------------------------------------------------

गुरलीन : --------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# छुपन–छुपाई



आओ इन पर बात करें–

मन देर वापस चुपचाप

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर वाक्य पूरा करें–

सभी बच्चे लुका–छिपी खेल रहे थे।

-----------------------------------------------

फौजिया मामा को लेकर घर चली गई।

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------

ग्रिड से खेल के नाम खोजकर गोला लगाएँ और सही जगह लिखें–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फु | ट | बॉ | ल | चि |
| बै | हॉ | पो | क्रि | ड़ि |
| ट | की | ष | के | या |
| कै | र | म | ट | ऊ |
| लू | डो | पा | दौ | ड़ |

| घर के अंदर | घर के बाहर |
|---|---|
| -------------------- | -------------------- |
| -------------------- | -------------------- |
| -------------------- | -------------------- |
| -------------------- | -------------------- |

आपके मित्र को कौन–सा खेल पसंद है और क्यों? पूछकर लिखें–

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 21
दिवस 5

# छुपन-छुपाई

पाठ-20

इसे भी पढ़ें -

रविवार का दिन था। सभी बच्चे मैदान में खेल रहे थे। पारुल चुपचाप बैठी थी। आज उसका खेलने का मन नहीं था। सभी बच्चे उसे खेलने के लिए बुलाने लगे। पारुल ने सभी को खेलने से मना कर दिया। पारुल बहुत देर तक सभी को खेलते देखती रही। फिर वापस घर लौट गई।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. बच्चे कहाँ खेल रहे थे? ------------------------------------------------

2. कौन चुपचाप बैठा था? ------------------------------------------------

3. पारुल का खेलने का मन क्यों नहीं कर रहा होगा?

------------------------------------------------

सप्ताह 21
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 45

मारिया ने लाल कार खरीदी। वह रोहित के पास गई। रोहित बोला- जरा मुझे भी खेलने दो। मारिया ने कहा- नहीं, दादी ने मना किया है। रोहित ने कहा- मैं दादी से पूछ लेता हूँ। दादी ने कहा- खेल लो। फिर भी मारिया ने कार नहीं दी।

1. मारिया ने किस रंग की कार खरीदी? | 1
2. मारिया किसके पास गई? | 1
3. मारिया ने क्यों कहा होगा कि दादी ने मना किया है? | 1

DD/MM/YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# हाथी साइकिल चला रहा था



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रूकी | सीधा | पाँव | दद्दा | झूमना |
| चक्का | पैडल | चढ़ाई | सरकना | साइकिल |

समानार्थी शब्द लिखें-

पानी → -----------    दिन → -----------

बंदर → -----------    चूहा → -----------

सोचकर लिखें- कौन क्या चलाएगा ?

चूहा → ------------------------------------------------------------

बंदर → ------------------------------------------------------------

मोर → ------------------------------------------------------------

इन शब्दों से प्रश्नवाचक वाक्य बनाकर लिखें-

धक्का → ------------------------------------------------------------

घबराना → ------------------------------------------------------------

चढ़ाई → ------------------------------------------------------------

सुनकर लिखें- (शिक्षक 6-8 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# हाथी साइकिल चला रहा था



आओ इन पर बात करें–

ऐंठी शान हाँफना घबराना

पहियों की संख्या के आधार पर वाहनों के नाम लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| दो पहिया → | स्कूटर | ---------- | ---------- |
| तीन पहिया → | ---------- | ---------- | ---------- |
| चार पहिया → | ---------- | ---------- | ---------- |

रेखांकित शब्द का विलोम लिखकर उससे वाक्य बनाएँ–

हाथी बहुत <u>मोटा</u> है। → पतला → लड़का बहुत पतला है।

पीछे चींटी <u>बैठी</u> थी। → ---------- → ------------------------------

<u>पानी</u> बरस रहा है। → ---------- → ------------------------------

<u>रात</u> हो गई है। → ---------- → ------------------------------

दिए गए शब्दों के आगे विशेषण जोड़कर लिखें और किन्हीं दो विशेषण से वाक्य बनाएँ–

| | | | |
|---|---|---|---|
| लंबा — | रास्ता | ---------- — | हाथी |
| ---------- — | चींटी | ---------- — | मोर |

---------- → ------------------------------

---------- → ------------------------------

# चार दिशाएँ





इसे भी पढ़ें –



पूरब से पश्चिम तक,
सूरज दौड़ लगाता है।
दिनभर में उसको,
कोई पकड़ न पाता है।

दिन निकले, सूरज जग जाता,
करके नाश्ता हमें जगाता।
हम भी सूरज के संग–संग,
दिनभर दौड़ लगाते हैं।
थक हारकर शाम में,
अपने घर को आते हैं।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर



रात की चादर ताने जब,
सूरज घर में सोता है।
पूरा का पूरा आकाश,
चन्द्रमा का होता है।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. पूरब से पश्चिम तक कौन दौड़ लगाता है? ....................

2. रात में आकाश किसका होता है? ....................

3. इस कविता को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ....................

4. सूरज को कोई दिनभर क्यों नहीं पकड़ पाता है?

....................

'कैसे' का उपयोग करके दिए गए शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

चादर → ....................

प्रतिदिन → ....................

DD / MM / YYYY
दिनांक

....................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 22
दिवस 4

# चार दिशाएँ

पाठ–22

आओ इन पर बात करें–

जिद  दिशा  दक्षिण  निहारता

ग्रिड से शब्द खोजकर लिखें और किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| द | क्षि | ण | ता | रा |
| बा | सु | दि | शा | त |
| द | ब | न | म | पू |
| ल | ह | भ | न | र |
| म | सू | र | ज | ब |

------------------ ------------------
------------------ ------------------
------------------ ------------------
------------------ ------------------

[--------------] → ------------------------------------------------

[--------------] → ------------------------------------------------

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाएँ–

सूरज पैदल चलता है। ( )

दिन की चादर ताने सूरज अपने घर में सोता है। ( )

दिन निकले सूरज सो जाता ( )

करके नाश्ता हमें जगाता ( )

सुनकर लिखें– (शिक्षक 6–8 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 22
दिवस 5

# हाथी साइकिल चला रहा था
# चार दिशाएँ

पाठ 21–22

इसे भी पढ़ें –

हैप्पी हवाईजहाज और बादल काका दोस्त थे। एक दिन हैप्पी बहुत दुखी था। उसको अपने दोस्त काका की याद आ रही थी। वह रात भर आसमान को निहारता रहा। सुबह जोर–जोर से बादल काका गरजने लगे। थोड़ी–ही देर में बारिश भी होने लगी। हैप्पी ने काका को फोन किया। तभी काका ने कहा– मैं तुमको याद करके रो रहा हूँ।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. कौन–कौन दोस्त थे? ..........

2. हैप्पी हवाईजहाज ने किसको फोन किया? ..........

3. अगर बादल आपके दोस्त बन जाएँ तो आप कैसे मिलने जाओगे?

..........

सप्ताह 22
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। 50

आनंद दही लेने बाजार जा रहा था। रास्ते में उसे दीपक मिल गया। दोनों खूब देर तक खेलते रहे। फिर आनंद को याद आया कि उसे दही लेना था। वह दौड़कर बाजार गया। दही खरीदी और जाकर बुआ को दी। बुआ ने कहा– अब तो मैंने कढ़ी बना भी ली।

1. दही लेने कौन जा रहा था? 1
2. बुआ को दही से क्या बनाना था? 1
3. दीपक और आनंद ने कौन–सा खेल खेला होगा? 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

..........
शिक्षक के हस्ताक्षर

# चंदा मामा



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चंदा | देखो | मिनट | सुंदर | अंधेरा |
| आकाश | मिलेंगे | जाएंगे | आइए | नमस्ते |

समानार्थी शब्द लिखें–

चंदा → -----------

राति → -----------

प्रकाश → -----------

आकाश → -----------

दी गई जगहों पर आप कैसे जाएँगे? सोचकर लिखें–

विद्यालय → ------------------------------------------------

मामा के घर → ------------------------------------------------

चंद्रमा पर → ------------------------------------------------

चित्र देखकर उसके बारे में लिखें–



------------------------------------------------

------------------------------------------------

------------------------------------------------

------------------------------------------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 6–8 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------

------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# चंदा मामा



आओ इन पर बात करें–

माफ  प्रकाश  रूठना  गपशप

पाठ्यपुस्तक के पाठ में आए शब्दों को सही करके लिखें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अधेरा | → | अंधेरा | नमसते | → | ---------- |
| कीतना | → | ---------- | मुसुकुरा | → | ---------- |

दिए गए शब्दों में से संज्ञा और क्रिया शब्द छाँटकर लिखें– (शिक्षक क्रिया शब्द पर बच्चों से चर्चा करें।)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रोमिल | चलना | लखनऊ | हाथी | मुस्कुराना |
| चश्मा | बैल | उठना | दौड़ना | मामा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संज्ञा → | ---------- → | ---------- → | ---------- → | ---------- |
| क्रिया → | ---------- → | ---------- → | ---------- → | ---------- |

आपको चंदा मामा से बात करने को मिले तो क्या-क्या बात करोगे?

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 6-8 शब्दों वाले दो वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिरे ताल में चंदा मामा



इसे भी पढ़ें –

पूरा कभी अधूरा चाँद, घटता–बढ़ता रहता चाँद।
रोज रात में आता चाँद, संग में तारे लाता चाँद।
पूर्णमासी को रोटी जैसा, अमावस को छिप जाता चाँद।
मैं यह सोचा करती हूँ, दिन में क्या सो जाता चाँद?



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

जब मैं बड़ी हो जाऊँगी,
चंद्रयान से जाऊँगी।
चंदा से सब बात करूँगी,
उनके मन की बात सुनूँगी।
टहल घूमकर देखूँगी,
क्या सचमुच गोल-मटोल है चाँद।



नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. चाँद पूरा कब दिखाई देता है? ------------------------------------------
2. बच्ची बड़ी होकर कहाँ जाना चाहती है? ------------------------------
3. इस कविता को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ----------------------------
4. आपको क्या लगता है, दिन में चाँद कहाँ जाता है?

------------------------------------------------------------------------

दिए गए पाठ से संज्ञा एवं क्रिया शब्द छाँटकर लिखें-

| | | | |
|---|---|---|---|
| संज्ञा → | ------------------ | ------------------ | ------------------ |
| क्रिया → | ------------------ | ------------------ | ------------------ |

DD/MM/YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# गिरे ताल में चंदा मामा



आओ इन पर बात करें–

नर्म    समेटा    अचम्भा    मछुआरे

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर बताएँ–

लड़की बड़ी होकर क्या–क्या करना चाहती है?

............................................................

............................................................

............................................................

दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द से दूसरा वाक्य बनाएँ–

आज चाँद अधूरा क्यों है? → विद्यालय का काम अभी अधूरा है।

आसमान में रहता हूँ। → ............................................................

रोटियाँ कितनी गरम हैं। → ............................................................

मैं घूमकर आती हूँ। → ............................................................

दिए गए शब्दों में विशेषण जोड़कर वाक्य बनाएँ–

रास्ता → लम्बा → यह रास्ता लम्बा है।

खेत → ............ → ............................................................

तारे → ............ → ............................................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# चंदा मामा
# गिरे ताल में चंदा मामा



इसे भी पढ़ें –

निराली : चंदा मामा! आप ये बताओ, रात में इतना कैसे चमकते हो?

चंदा मामा : मुझे ये चमक सूरज चाचू से मिलती है।

निराली : कल मैंने देखा कि आप थोड़ी देर के लिए बादलों में छिप गए थे। आखिर क्यों?

चंदा मामा : जब मैं चलते-चलते थक जाता हूँ तो बादलों के नर्म बिस्तर पर आराम करता हूँ।

निराली : अच्छा! थकने पर मैं भी आराम करती हूँ।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. रात में कौन चमकता है? ------------------------------------------------
2. बादलों में कौन छिप गया था? ----------------------------------------------
3. अगर चंद्रमा रात में न चमके तो क्या-क्या होगा?

------------------------------------------------------------------------



# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। 55

मनोहर रात भर जंगल में भटकता रहा, क्योंकि वह अपने घर का रास्ता भूल गया। उसने जंगल में डर-डर कर रात बिताई। सुबह हुई तो मनोहर खुश हुआ। मनोहर ने खुशी से उछलते हुए कहा– अब सही दिशा का पता चल जाएगा। मनोहर को इतना याद था कि बड़े बरगद के पेड़ के पास उसका घर है।

1. मनोहर रात भर कहाँ भटकता रहा? 1
2. मनोहर कब खुश हुआ? 1
3. आपको क्या लगता है, मनोहर ने दिशा का पता कैसे लगाया होगा? 1

DD/ MM/ YYYY
दिनांक

................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सबसे बड़ा छाता



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| साड़ी | कंबल | बारिश | टिल्लू | बिस्तर |
| आसमान | लगातार | हरमीत | बिल्कुल | छप–छपाक |

दिए गए शब्दों से प्रश्नात्मक वाक्य बनाकर लिखें–

आँगन → ........................................

झमाझम → ........................................

छोटा → ........................................

बहुवचन में बदलकर वाक्य बनाएँ–

छाता → छाते → शालीन के घर पर दस छाते हैं।

कुर्सी → ........ → ........................................

कहानी → ........ → ........................................

संज्ञा शब्दों को ढूँढकर गोला लगाएँ–

हामिद को समोसा बहुत पसंद है। वो अपने पापा को देवरिया के समोसे लाने को कहता है। उसे देखकर सोनू और हरमीत भी समोसे खाने लगे।

सुनकर लिखें– (शिक्षक 6–8 शब्दों वाले तीन वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

........................................

........................................

........................................

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सबसे बड़ा छाता



आओ इन पर बात करें–

सर्द माँगना दुनिया भीतर

पाठ्यपुस्तक के पाठ के आधार पर पाठ में आए पात्रों के नाम लिखें–

सोचकर लिखें कि आप किस–किस चीज से छाता बना सकते हैं?

दिए गए चित्र के बारे में लिखें–



सुनकर लिखें– (शिक्षक 6–8 शब्दों वाले तीन वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# सबसे बड़ा छाता





**इसे भी पढ़ें –**

बादल काका परेशान हैं। सूरज काकू ने अपनी गर्मी से उन्हें परेशान कर रखा है। हवा बहन भी बादल काका से नाराज है। हवा बहन ने इसी नाराजगी के चलते बहना शुरू कर दिया। बादल काका घबराने लगे। बादल काका के भतीजे दिनकर और दिवाकर गर्मी से रोने लगे।



DD/ MM/ YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

बादल काका अपने भतीजे को परेशान नहीं देख पाए। बादल काका ने बारिश कर दी। दिवाकर और दिनकर बारिश में भीगकर मजे लेने लगे।



नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. हवा बहन किससे नाराज थी? ------------------------------
2. बारिश में कौन-कौन भीग रहा था? ------------------------------
3. इस कहानी को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ------------------------------
4. आप कब-कब घबराते हो और क्यों?

------------------------------

दिए गए शब्दों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखें-

| | | | |
|---|---|---|---|
| चाँदनी रात | हँसना | गरम समोसा | खिलौने |
| तेज दौड़ना | छोटा कमरा | चलना | उठना |

------ ------ ------ ------

DD / MM / YYYY
दिनांक

.................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# सबसे बड़ा छाता



आओ इन पर बात करें–

गोद   बरखा   चलाऊँ   बिलकुल

पिछले दिवस की कहानी के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. बादल काका ------------------------ हैं। (खुश/परेशान)
2. ------------------------ ने अपनी गर्मी से उन्हें परेशान कर रखा है। (बादल काका/काकू सूरज)
3. हवा बहन भी ------------------------ से नाराज है। (सूरज काकू/बादल काका)
4. बादल काका ने ------------------------ कर दी। (धूप/बारिश)

दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखें और उससे वाक्य बनाएँ–

बारिश → ---------- → ------------------------------------------------

भीतर → ---------- → ------------------------------------------------

सूरज → ---------- → ------------------------------------------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 6-8 शब्दों वाले तीन वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 24
दिवस 5

# सबसे बड़ा छाता

पाठ–25

इसे भी पढ़ें –

बरखा रानी आओ न, बरस–बरस तुम जाओ ना।
आज नहीं मन पढ़ने का, मन खूब है खेलने का।
सुबह–सुबह तुम आओ न, खूब बारिश करवाओ ना।
घर–बाहर सब पानी–पानी, नाव चलाऊँ संग मैं नानी।
मम्मी देख करेगी हल्ला, लेकर दौड़ेगी वह बल्ला।
लेकिन पापा की गोद में, मैं झट छिप जाऊँगा।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. बच्चा किसे बुला रहा है? ------------------------------

2. बच्चा पानी में किसके साथ नाव चलाना चाहता है? ------------------

3. बच्चा क्यों चाहता था कि बारिश हो?

------------------------------------------------

सप्ताह 24
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | | 60

बरसात का दिन था। साजिद और अनु को स्कूल जाना था। दोनों सुबह से ही तैयार हैं। आज साजिद का टेस्ट होना है। साजिद ने टेस्ट के लिए बहुत तैयारी की है। अनु ने भी साजिद की तैयारी में उसकी मदद की थी। अचानक पापा के फोन की घंटी बजती है। फिर पापा ने कहा– आज स्कूल की छुट्टी है।

1. साजिद और अनु कहाँ जाने के लिए तैयार थे? | | 1

2. साजिद की तैयारी में किसने मदद की? | | 1

3. पापा के पास किसका फोन आया होगा? | | 1

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बादल



पढ़ें –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भेड़ | गैया | घोड़ा | बिजली | आसमान |
| उठाकर | गड़गड़ | अंधियारा | चमकाए | पकड़कर |

दूध देने वाले जानवरों के नाम लिखें–

दूध देने वाले जानवर

बकरी | ---------- | ---------- | ----------

वर्तनी सही करके लिखें और पढ़ें–

हाथि → ----------

बीजलि → ----------

असमन → ----------

दाबल → ----------

शब्दों से वाक्य बनाकर लिखें–

सुंदर → ----------------------------------------

कागज → ----------------------------------------

गाय → ----------------------------------------

सुनकर लिखें– (शिक्षक 6-8 शब्दों वाले तीन वाक्य बोलें और बच्चों से लिखने के लिए कहें।)

----------------------------------------

----------------------------------------

----------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बादल



आओ इन पर बात करें–

भाप    मगन    ठंडक    तैरना

शब्द के अक्षरों से नया शब्द बनाकर उससे वाक्य बनाएँ–

बिजली → बि → ---------- → ----------------------------------------

बिजली → ज → ---------- → ----------------------------------------

बिजली → ली → ---------- → ----------------------------------------

सोचकर लिखें– क्या होगा अगर सूरज और बादल रूठकर छिप जाएँ तो?

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

दिए गए शब्दों से कहानी बनाकर लिखें–

हाथी    बिजली    पेड़    नाव    पानी

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बादल



इसे भी पढ़ें –

हवा चली, छतरी उड़ी,
लहराए पेड़ जोर–जोर।
बूँदें गिरी, धरती भीगी,
बच्चों ने मचाया शोर।





जंगल में मोर हुए मगन,
जब चली हवाएँ सनन–सनन।
सारे पक्षी घर को लौटे,
खाली हो गया नील–गगन।



कौए ने स्नान किया,
बत्तख ने छप्पर तान लिया।
बारिश की हर एक बूँद को,
नदी ने अपना मान लिया।

DD / MM / YYYY
दिनांक

.................................
शिक्षक के हस्ताक्षर

कलियाँ खिली,फूल मुस्काए,
पहाड़ों के झरने भर आए।
सड़कों से बहते पानी में,
देखो दीपू नाव चलाए।



नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें–

1. हवा चलने पर क्या उड़ी? ..................................................

2. बत्तख ने क्या तान लिया? ..................................................

3. इस कविता को आप क्या नाम देना चाहेंगे? ..................................................

4. बच्चों ने शोर क्यों मचाया होगा?

..................................................

वर्तनी सही करके लिखें और पढ़ें–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हबार | → | .................... | रझना | → | .................... |
| पड़ोंहा | → | .................... | लफू | → | .................... |
| लज | → | .................... | तापि | → | .................... |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# बादल



आओ इन पर बात करें–

खुश     पसंद     खेलना     उछल–कूद

पिछले दिवस के पाठ के आधार पर सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करें–

1. बत्तख ने ------------------ तान लिया (छप्पर/छाता)
2. खाली हो गया ------------------ गगन। (नील/झील)
3. ------------------ पक्षी घर को लौटे। (सभी/सारे)
4. बच्चों ने मचाया ------------------ । (जोर/शोर)

सोचकर लिखें– क्या एक है और क्या अनेक हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| शहर एक → | लोग अनेक | दुकान एक → | ------------------ |
| स्कूल एक → | ------------------ | खेत एक → | ------------------ |

चित्र के बारे में लिखें–



------------------------------------------

------------------------------------------

------------------------------------------

------------------------------------------

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 25
दिवस 5

# बादल

पाठ–26

इसे भी पढ़ें –

टपरू मेंढक पानी में रहता है। उसे उछल-कूद करना बहुत पसंद था। टपरू मेंढक की एक दोस्त थी। उसका नाम फुदकी था। फुदकी फुदक-फुदक कर चलती। एक बार खूब बारिश हुई। टपरू बहुत खुश हुआ। टपरू ने फुदकी से कहा- चलो कमल के पत्ते से नाव बनाएँ। फुदकी ने कहा- नहीं! मैं तो छुपन-छुपाई खेलूँगी। टपरू ने कहा- चलो हम दोनों खेलते हैं। टपरू टर्र-टर्र करता, फुदकी फुदक-फुदक दौड़ती।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें-

1. टपरू के दोस्त का क्या नाम था? ..............................................
2. टपरू ने किससे नाव बनाने की बात कही? ..............................................
3. छुपन-छुपाई खेलते हुए दोनों कहाँ-कहाँ छिपे होंगे?

..............................................................................................

सप्ताह 25
दिवस 6

# मैंने सीख लिया

पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर मौखिक रूप से दें। | 64

तेज बारिश हो रही थी। घर के छप्पर से पानी टपकने लगा। इससे दादी बहुत परेशान हो गई। उनके पड़ोसी बबलू ने उन्हें परेशान देखा तो उनकी सहायता करने का सोचा। बबलू ने सारी बात अपने पापा को बताई। पापा ने गाँव के लोगों से बात की। सबने मिलकर दादी के घर की मरम्मत कर दी। अब छप्पर से पानी टपकना बंद हो गया।

1. दादी को किसने परेशान देखा? | 1
2. गाँव के लोगों ने मिलकर क्या किया? | 1
3. छप्पर से पानी टपकना कैसे बंद हुआ? | 1

DD/MM/YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# भाग–2
# पठन अभ्यास
# एवं
# प्रवाहपूर्ण पठन
# अभ्यास

# पठन अभ्यास-9



रमन साइकिल चला रहा था। साइकिल कुत्ते से टकरा गई। कुत्ता रमन के पीछे दौड़ने लगा।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 5
दिवस 3-4

# पठन अभ्यास-10





कौआ भूखा था।
एक मोटा आम
देखा। लेकिन
वह गुब्बारा था।
गुब्बारा फूट
गया।

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 6
दिवस 1–2

# पठन अभ्यास–11



माही और सुरेश ने पतंग उड़ाई। पतंग आसमान में उड़ने लगी। अचानक आँधी आ गई। पतंगें फट गईं।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 6
दिवस 3-4

# पठन अभ्यास-12



बंदर ने काला
चश्मा लगाया।
उसे कुछ दिखाई
नहीं दिया। वह
छत से गिर
पड़ा।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 7
दिवस 1–2

# पठन अभ्यास–13



मेंढकी और चिड़िया घूमने निकलीं। दोनों को प्यास लगी। रास्ते में उन्हें कुआं दिखा। मेंढकी और चिड़िया ने पानी पिया।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 7
दिवस 3–4

# पठन अभ्यास–14



बछड़ा और माँ
घूमने निकले।
बछड़ा माँ से
बिछड़ गया। फिर
कोयल ने बछड़े
को रास्ता दिखाया।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# पठन अभ्यास–15



चीकू, मीकू की गाजर चुराती थी। एक दिन चीकू बिल में फँस गई। मीकू ने उसकी मदद की।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 8
दिवस 3-4

# पठन अभ्यास-16





जादूगर ने राशिद को बीज दिया। माँ ने बीज बाहर फेंक दिया। बीज तुरंत सेब का पेड़ बन गया।

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# पठन अभ्यास–17



बरसात का मौसम था। सब बाहर पानी में खेलने लगे। बच्चों के साथ मेंढक और कुत्ता भी था। सब बरसात के पानी से भीग गए।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 9
दिवस 3–4

# पठन अभ्यास–18



एकता अपनी गुड़िया और बिल्ली के साथ खेलती थी। गुड़िया गिरकर टूट गई। एकता रोने लगी।

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 10
दिवस 1–2

# पठन अभ्यास–19

दीपा और सोनू दशहरा मेला देखने गए। उन्होंने मेले में मिठाई और चाट खाई। घर लौटकर दोनों ने चित्र बनाया।



DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 10
दिवस 3–4

# पठन अभ्यास–20



बबलू हाथी और
कालू गैंडा दोनों दोस्त
थे। दोनों साथ नहाते
थे। बबलू ने कालू
को गन्ने और केले
खिलाए।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 11
दिवस 1–2

# पठन अभ्यास–21



चिड़िया को पतंग मिली। उसने पतंग की डोरी पर बैठाकर, बच्चों को उड़ना सिखाया। अब वो आसमान में उड़ने लगे।

DD/MM/YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 11
दिवस 3-4

# पठन अभ्यास-22



किसान ने अपने
खेत में आलू
लगाए। एक दिन
भूरा की गेंद खो
गई। उसने पूरा
खेत खोद डाला।



DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# पठन अभ्यास–23



कोयल के घोंसले पर
कौआ बैठ गया।
कोयल ने कबूतर से
मदद माँगी। कबूतर ने
कौआ उड़ा दिया।
कोयल खुश हो गई।

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# पठन अभ्यास–24



जंगल में बारिश हो रही है। मोर खुशी से नाच रहा है। आज उसके घर मेहमान भी आए हैं।

DD / MM / YYYY ..........
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास-25

60 सेकंड

पढ़ें-

1. सोनी की माँ उसके लिए नई फ्रॉक लाई। सोनी ने फ्रॉक पहनी। शीशे के सामने खड़ी होकर सोनी नाचने लगी। वह सुंदर लग रही थी।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | |
|---|---|
| कुल शब्द | 25 |

2. अतहर का दोस्त सोहन है। दोनों एक साथ खेलते हैं। सोहन के पापा ने खीर बनाई। सोहन ने अतहर को बुलाया। दोनों ने मिलकर खीर खाई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | |
|---|---|
| कुल शब्द | 26 |

3. आज माँ रसोई में खाना बना रही हैं। माँ ने तहरी बनाई है। स्कूल में भी आज तहरी बनी थी। अब तहरी खाने का मन नहीं है।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | |
|---|---|
| कुल शब्द | 27 |

4. बंदर को भालू सर पढ़ाते हैं। बंदर कक्षा में हमेशा पीछे बैठता है। लोमड़ी भी बंदर की कक्षा में पढ़ती है। लोमड़ी और बंदर दोस्त हैं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | |
|---|---|
| कुल शब्द | 26 |

| पठन-स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–26

60 सेकंड

पढ़ें–

1 बरसात का दिन था। बहुत तेज बारिश हो रही थी। आलोक और आलिया घर में खेल रहे थे। जब बारिश बंद हुई, दोनों ने कागज की नाव चलाई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 28 |

2 दीपा अपने चाचा की बारात में गई। बारात में लोग बैंड की आवाज पर नाच रहे थे। दावत में दीपा ने चाट, मिठाई, रबड़ी और कुल्फी खाई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 27 |

3 चीनू बिल्ली को दूध पसंद था। वह पड़ोसी का दूध पी जाती थी। आज दूध गरम था। उसका मुँह जल गया। वह दौड़कर भाग गई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 25 |

4 रामपुर गाँव में मेला लगा था। चारों तरफ अलग-अलग तरह की दुकानें थीं। अजीम और आयशा मेला देखने गए। मेले में दंगल भी हो रहा था।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 26 |

| पठन-स्तर | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–27

60 सेकंड

पढ़ें–

1

मम्मी रोज अखबार पढ़ती हैं। अखबार से बहुत सारी जानकारी मिलती है। मैं भी अखबार देखती हूँ। एक दिन मैं भी पढ़ने लगूँगी। मैं पढ़ना सीख रही हूँ। अभी मैं कक्षा दो में पढ़ती हूँ।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 35 |

2

रमेश ने कद्दू के बीज बोए। बीजों से पौधे उगे। समीना ने उनके पास रस्सी लगा दी। बेलें छत पर चढ़ गईं। फिर बेलों पर फूल लगने लगे। अब उसमें कद्दू आएँगे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 32 |

3

भीमा के गाँव में हलवाई की दुकान है। भीमा की माँ और भाई वहाँ काम करते हैं। वे मिठाइयाँ तौलते हैं। फिर डिब्बों में भरते हैं। शाम तक सारी मिठाइयाँ बिक जाती हैं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 33 |

4

मोहिनी और फराह सहेलियाँ हैं। वे साइकिल से स्कूल जाती हैं। उन्हें झूला झूलना पसंद है। उनके पिता ने नीम के पेड़ पर झूला डाला है। अब वे रोज झूला झूलती हैं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
| --- |
| |
| कुल शब्द |
| 32 |

| पठन–स्तर | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–28

60 सेकंड

पढ़ें–

1

आसिम पहिया चला रहा था। नैना भी पहिया लेकर आ गई। दोनों ने मिलकर होड़ लगाई। कौन बरगद तक पहले पहुँचेगा? आसिम ने पूरा जोर लगाया। नैना ने भी खूब मेहनत की। दोनों एक साथ बरगद पर पहुँचे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 38 |

2

टिंकू और मिंकू दो चूहे थे। दोनों दोस्त थे। टिंकू और मिंकू दोनों बहुत बदमाश थे। वह हर रोज दूसरों के घरों में जाकर उनका कपड़ा काट देते थे। कभी–कभी वे अनाज के बोरे भी काट देते थे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 38 |

3

अमर के पास बहुत सारी बकरियाँ थीं। लेकिन उसे भूरी बकरी पसंद थी। वह उसे पीपल के पत्ते खिलाता था। भूरी अमर के पीछे–पीछे चलती। दोनों साथ में खेलते थे। दोनों खूब बातें भी करते थे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 36 |

4

आज गाँव में दंगल है। दूर–दूर से लोग दंगल देखने आ रहे हैं। सड़कों पर चूना डाला गया है। गाँव के बाहर खेतों को खाली किया गया है। खेत के चारों तरफ तम्बू लगाए गए हैं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 36 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

........................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 18

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–29

60 सेकंड

पढ़ें–

1 नीलू और पीलू अपने दादा जी के साथ खेत में घूमने गए। खेत में हरी–भरी फसलें थीं। फसलों को देखकर दोनों बहुत खुश हुए। दोनों खेत में लगी गाजर, मूली और शलजम घर लेकर आए।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 36 |

2 एक दिन सूरज और चंदा बात कर रहे थे। सूरज ने कहा– आज मैं थक गया हूँ। कल मैं सुबह नही निकलूँगा। चंदा ने कहा– अरे! ऐसा मत करना। दिन नहीं होगा, तो सभी लोग सोते ही रह जाएँगे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 39 |

3 शेर और बन्दर दोस्त थे। बंदर पेड़ पर उछल–कूद करता था। शेर का मन उदास हो जाता। जब भी वह पेड़ पर चढ़ने की कोशिश करता, धड़ाम से गिर जाता। शेर को उदास देखकर बंदर को बुरा लगा।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 39 |

4 काजल अपने दोस्तों के साथ सर्कस देखने गई। सर्कस में जोकर की बातों से वह खूब हँसी। करतब देखकर वह बहुत खुश हुई। घर आकर उसने माँ को सारी बातें बताई। घर में सभी लोग उसकी बातों पर हँस पड़े।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 40 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–30

60 सेकंड

पढ़ें–

1

चीकू और मीकू खरगोश दोस्त थे। वे खेत में गाजर खा रहे थे। चीकू ने मीकू से पूछा– गाजर कैसी है? मीकू ने कहा– मीठी और लाल है। चीकू को लाल गाजर पसंद नहीं थी। वह नारंगी गाजर की तलाश में निकल पड़ा।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 43 |

2

अयान के घर के पास एक बाग है। वह बाग में घूमने गया। अयान ने बाग में एक सुन्दर फूल देखा। जैसे ही वह फूल तोड़ने आगे बढ़ा, फूल रोने लगा। फूल ने कहा– मुझे मत तोड़ो। अयान मान गया। फूल खुश हो गया।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 44 |

3

एक कबूतर था। वह रोज दाने चुगने बाहर जाता था। एक दिन शिकारी ने उसे जाल में फँसा लिया। कबूतर बहुत परेशान हो गया। चूहे को उस पर दया आ गई। उसने कबूतर का जाल काट दिया। कबूतर जाल से बाहर निकल आया।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 43 |

4

अंकेश की नानी का घर आगरा में है। वह रेलगाड़ी से नानी के घर गया। वहाँ उसकी दोस्ती इमरान से हुई। दोनों ताजमहल देखने गए। वहाँ दोनों ने चाट खाई। मिठाइयाँ खाईं और पेठा खरीदा। शाम को दोनों वापस घर आ गए।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 42 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

.............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–31

60 सेकंड

पढ़ें–

1 दिवाली का समय है। दुकानों में झालरें सजी हैं। मिट्टी के दीये की दुकानें लगी हैं। वहाँ बाती भी मिल रही हैं। दूर तक पटाखों की दुकानें हैं। बाजार में चहल–पहल है। मेधावी भी माँ के साथ बाजार गई। वहाँ उसने घर के लिए झालर और दीये खरीदे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 49 |

2 पहाड़ों पर घूमने का मजा ही अलग है। टेढ़े–मेढ़े ऊँचे रास्ते और लम्बे पेड़। बर्फ से ढके पहाड़। गरमी में यहाँ का सफर मजेदार है। जाड़े में जब बर्फ गिरती है, तो परेशानी होती है। पहाड़ों पर बर्फ से खेलने में बहुत मजा आता है।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 46 |

3 गौरव पाँच साल बाद गाँव आया। गाँव अब बहुत बदल गया है। हर घर में शौचालय बन गए हैं। सड़कें अब पक्की हो गयी हैं। गाँव के बाहर कुछ कारखाने भी हैं। गाँव में प्राथमिक विद्यालय और सरकारी अस्पताल भी बन गया है। सभी लोग खुश हैं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 47 |

4 जंगल में एक पुराना पेड़ था। एक चिड़िया अपने बच्चों के साथ रहती थी। एक दिन तेज बारिश हुई। उसका घोंसला टूट गया। बारिश रुकने के बाद चिड़िया ने दोबारा अपना घोंसला बनाना शुरू किया। वह अपनी चोंच से तिनके लेकर आई और सुंदर घोंसला बनाया।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 46 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

सप्ताह 22

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–32

60 सेकंड

पढ़ें–

1

असलम को फल खाना अच्छा नहीं लगता था। जिसके कारण वह बहुत कमजोर हो गया। मम्मी उसे डॉक्टर के पास ले गईं। डॉक्टर ने उसे रोज एक सेब खाने का सुझाव दिया। सेब खाकर उसकी सेहत में सुधार आने लगा, धीरे–धीरे वह बिल्कुल ठीक हो गया।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 46 |

2

गुब्बारे वाला गाँव में आया। लाल, नीले और हरे गुब्बारे लाया। नूर, सचिन और इकरा को बुलाया। सब बच्चों ने गुब्बारे खरीदे। इकरा का गुब्बारा उड़ गया। वह रोने लगी। सचिन ने इकरा को अपना गुब्बारा दे दिया। फिर तीनों दो गुब्बारों से खेलने लगे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 45 |

3

सिया के पास एक नीली कार थी। एक बार उसने एक सपना देखा। सपने में कार उसे आसमान में ले गई। कार बादलों में उड़ रही थी। सूरज उसके बहुत पास था। सिया ने उसे पकड़ लिया। वह बहुत गरम था, जिससे उसकी आँखें खुली रह गईं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 47 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–33

60 सेकंड

पढ़ें–

1

ऋचा और राहुल मेला देखने गए। मेले में बहुत भीड़ थी। ऋचा ने देखा कि लोग झूला झूल रहे हैं। ऋचा ने पापा से कहा कि मैं भी झूला झूलूँगी। राहुल को झूले से डर लगता है। राहुल ने कहा– मैं नहीं झूलूँगा। पापा ने कहा– दोनों एक साथ बैठ जाओ, फिर डर नहीं लगेगा।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 55 |

2

मोर और तोता दोस्त थे। तोते ने मोर को अमरूद दिया। मोर बोला– मैं लाल अमरूद खाऊँगा। तोता उसे बगीचे में ले गया। दोनों ने पूरा दिन लाल अमरूद ढूँढ़ने में लगाया। तब जाकर लाल अमरूद का पेड़ मिला। लाल अमरूद खाकर मोर ने तोते को नाच दिखाया। तोता भी खुश होकर नाचने लगा।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 54 |

3

शबनम रोज दाना डालती थी। गौरैया बच्चों के साथ दाना चुगने आती थी। गौरैया शबनम के हाथ पर बैठकर भी दाना चुगती थी। एक बार शबनम दाना डालना भूल गई। गौरैया शबनम का इंतजार करती रही। कुछ देर बाद गौरैया बच्चों के साथ खिड़की से अन्दर गई। पेट भर दाना खाया। शबनम लौटकर बहुत खुश हुई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 56 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास-34

60 सेकंड

पढ़ें-

1

आज मुनमुन बहुत खुश है। उसे स्कूल में बना दोपहर का भोजन बहुत पसंद है। आज स्कूल में तहरी बनी है। रसोइए ने चावल, मटर, गोभी और आलू डालकर तहरी बनाई है। तहरी खाते-खाते मुनमुन को तेज प्यास लगी। वो दौड़कर पानी पीने गई। मुनमुन की सहेली कोमल ने नल चलाया। पानी पीकर दोनों कक्षा में चले गए।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 58 |

2

सोनिया अपने दोस्त दानिश के साथ बाजार घूमने गई। वहाँ उसने कप और प्लेट खरीदे। सोनिया ने मिठाई, जलेबी और इमरती खरीदीं। दोनों ने ईद के लिए नए कपड़े खरीदे। घर की सजावट का सामान लिया। पानी के बताशे खाए और खूब घूमे। शाम को दोनों वापस घर आ गए। पापा ने दोनों के लिए चाय बनाई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 57 |

3

एक गाँव में सुनसान हवेली थी। उसमें एक गाने वाली बुढ़िया रहती थी। वह लोगों को उनके काम के हिसाब से गाना सुनाती थी। जब कोई अच्छा काम करता, तो अच्छा गाना सुनाती। जब कोई गलत काम करता, तो बुरा गाना। लोग अच्छा काम करते। हवेली पर जाकर गाना सुनते। सभी उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते थे।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 58 |

| पठन-स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

शिक्षक के हस्ताक्षर

# प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास–35

60 सेकंड

पढ़ें–

1

सुधा कक्षा दो में पढ़ती है। आज सुबह से बरसात हो रही है। उसने सोचा– आज वह स्कूल कैसे जाएगी। उसने बहुत सोचा, लेकिन कोई उपाय नहीं मिला। तभी उसने गुड्डी को छाता लेकर स्कूल जाते देखा। गुड्डी के पास नीले रंग का छाता था। गुड्डी ने कहा– जल्दी से छाते के नीचे आ जाओ। सुधा और गुड्डी भीगने से बच गईं। दोनों समय से स्कूल पहुँच गईं।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 68 |

2

ईनू एक छोटी चिड़िया थी। उसकी बड़ी बहन मीनू थी। दोनों दाना चुगने बहुत दूर तक जाती थीं। शाम होते दोनों वापस घर आ जाती थीं। एक दिन वापस आने पर उनको घोंसला नहीं मिला। वह दोनों बहुत घबरा गईं। फिर दोनों ने मिलकर, नया घोंसला बनाने का सोचा। जल्दी ही दोनों ने नया घोंसला बनाना शुरू किया। कुछ ही समय में नया घोंसला बनकर तैयार हो गया।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 68 |

3

एक जंगल में हथिनी और उसके बच्चे रहते थे। एक बच्चा बहुत छोटा था। हथिनी उसे कभी अकेला नहीं छोड़ती थी। एक दिन हथिनी जंगल में खाने की तलाश में गई। वह देर शाम तक वापस नहीं आई। उसका बच्चा माँ के बिना बहुत डरने लगा। सारे जानवर हथिनी की तलाश में निकल पड़े। लेकिन हथिनी का कुछ पता नहीं चला। अचानक एक गड्ढे से हथिनी की आवाज आई।

| सही पढ़े गए शब्दों की संख्या |
|---|
| |
| कुल शब्द |
| 69 |

| पठन–स्तर | | | |
|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 |
| | | | |

DD / MM / YYYY
दिनांक

..............................
शिक्षक के हस्ताक्षर

# कार्यपुस्तिका ट्रैकर



प्रत्येक दिन का कार्यपत्रक पूरा होने के बाद सभी बच्चों से इस ट्रैकर पर क्रमशः सही (✓) का निशान लगाने को कहें।



| | दिवस | दिवस | दिवस | दिवस | दिवस | दिवस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सप्ताह 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 7 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 10 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 11 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 12 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 13 | | | | | | |
| सप्ताह 14 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 15 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 16 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 17 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 18 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 19 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 20 | | | | | | |
| सप्ताह 21 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 22 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 23 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 24 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| सप्ताह 25 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |



# राष्ट्रगान

जन–गण–मन अधिनायक, जय हे
भारत–भाग्य–विधाता।
पंजाब–सिंध–गुजरात–मराठा–
द्राविड़–उत्कल बंग
विंध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा
उच्छल–जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा
जन–गण–मंगलदायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे!

सत्र 2024-2025

आवरण पृष्ठ के कागज का विशिष्टीकरणः प्रयुक्त कागज................ वर्जिन पल्पयुक्त 175 जी0एस0एम0 का आर्ट पेपर का प्रयोग किया गया है। जिसमें कागज का बर्स्ट इण्डेक्स–न्यूनतम 0.9, वैक्स पिक्स–नो पिक्स ऑन 5ए, ग्लास परसेंट–न्यूनतम 55, ब्राइटनेस न्यूनतम 72 प्रतिशत और सरफेस पी0एच0 5.5 से 8.0 है। कागज की अन्य विशिष्टियाँ बी0आई0एस0 कोड आई0एस0–4658–1988 के अनुसार हैं एवं कागज 53.34 सेमी x 78.74 सेमी है। आवरण पृष्ठ का बाहरी भाग चार रंगों तथा अन्दर का भाग एक रंग में मुद्रित है।

उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद्

निःशुल्क वितरण हेतु